चौधरी ओम प्रका ाः स्पीकर साहब, मेरा एक काल अटैं ान मो ान भिवानी, रोहतक और जीन्द डिस्ट्रिक्ट में गेहूं और चने की फसल पानी और बिजली की कमी की वजह से बरबाद होने के बारे में था, उसका क्या बना है ?

श्री अध्यक्षः वह मैंने 27 तारीख के लिये ऐडमिट कर लिया है।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, जींद में फर्टीलाईजर पर जो सबसिडी दी जा रही है, उसमें बहुत घपला हो रहा है।

श्री अध्यक्षः वह मैंने डिस अलाउ कर दिया हैं

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, मैंने एक काल अटैं ान मो ान महेन्द्रगढ़ म्यूनिसिपल कमेटी के एडमिनिस्ट्रेटर के बारे में आपकी सेवा में दिया था उसका जवाब मुझे मिल गया है लेकिन मैं उसके बारे में एक दरख्वास्त करना चाहता हूं। मेरे पास वहां की फोटो है। आप खुद देख सकते हैं कि वहां पर कूडा पडा हुआ है या नहीं।

श्री अध्यक्षः जो मैंने फैसला कर दिया है, उसके ऊपर कृपया यहां बात न करें। वह मैंने डिस अलाऊ कर दिया है।

श्री राम बिलास भार्माः सर, यह लिखा है कि कूडा उठा लिया गया है।

श्री अध्यक्षः अगर कोई बात है तो आप मुझसे चैम्बर में मिल लेना।

श्री मनफूल सिंहः स्पीकर साहब, मैंने एक काल अटैं ान मो ान बहुत ही गरीब आदमियों के लिये दिया था कि सफाई मजदूरों को भी पैं ान दी जाये।

श्री अध्यक्षः वह तो डिस अलाऊ हो गया है। (व्यवधान व भाोर)

श्री मनफूल सिंहः उसी के बारे में मैं थोड़ी सी बात कहना चाहता हूं।

श्री अध्यक्षः आपको जवाब मिल गया होगा। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मैंने क्वै चन पेपर्ज में इररैगुलैरिटीज और मास कापिंग के बारे में एक काल अटैं ान मो ान दिया थ। उसका क्या बना है ?

श्री अध्यक्षः मैंने गवर्नमैंट से कमैन्टस मांगे हुए हैं।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, मैंने भी कुछ काल अटैं ान मो ांज भिजवाये थे।

श्री अध्यक्षः कब भिजवाये थे ?

श्रीमती चन्द्रावतीः आज ही भिजवाये हैं।

श्री अध्यक्षः अभी वे मिले नहीं है।

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, आई0आर0डी0 प्रोग्राम के तहत लड़कियों के लिए क्राफ्ट सैन्टर्ज खुल हुए हैं। मेरे पास एक दरखास्त आई जिसमें लिखा है कि गवर्नमैंट उनको बंद करने जा रही है। मेरी आपसे दरखास्त है कि आप गवर्नमैंट को कहें कि वह इन लड़कियों के सैन्टर्ज को बन्द न करें।

श्री अध्यक्ष: ऐसी दरखास्त या कोई नोटिस अभी मुझे नहीं मिला है। आप बैठिए।

वर्श 1985–86 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

Mr. Speaker: Now we resume discussion on the budget Sh. Lachhman Singh.

Sh. Lachhman Singh (Kalka): Thank you Mr. Speaker;

स्पीकर साहब, इसी महीने की बीस तारीखको फाइनैंस मिनिस्टर ने जो बजट पे ा किया उसके ऊपर मैं अपने ख्यालात जाहिर करना चाहता हूं और वहीं से भ्रुरू करूंगा जहां से फाइनैंस मिनिस्टर ने भ्रुरू किया था। 31 अक्तूबर का दिन न सिर्फ हिन्दुस्तान की हिस्टरी में ही स्याह दिन है बलिक यह दिन दुनियां की हिस्टरी में भी काला दिन है लेकिन श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद दे ा के अंदर जो वाक्यात हुए वे हम सभी के दिलों को हिला देने वाले हैं। इस बारे में काफी जिक्र हो चुका है मैं उसको रिपीट नहीं करूंगा।

स्पीकर साहब, हरियाणा भी उस आग की लपेट से नहीं बच सका। आज इस बारे में एक सवाल था और उसके बारे में यह कह दिया गया कि इस बारे में इंफरमे ान देना जनहित में नहीं है। स्पीकर साहब, करोडों रूपए का नुकसान हुआ और पैंतालीस लाख रूप्ए के करीब का लूटा हुआ माल बरामद हुआ और 286 आदमी पकडे गए। लेकिन बडे अफसोस के साथ कहना पडता है कि वे छोड दिए गए। मैं चीफ मिनिस्टर साहब से दखास्त करूंगा कि कम से कम स्पे ाल कोटर्स बनाकर उन आदमियों को सजा मिलनी चाहिए। ज्यादा नहीं तो स्पे ाल कोटर्स कायम करके उनको सजा मिलनी चाहिए जिन्होंने दिन दिहाडे बेकसूर लोगों का माल लूटा और करीब 125 आदमियों को मारा। वे लोग भाहरों, कस्बों और गांवों के रहने वाले थे। मेरी तो चीफ मिनिस्टर साहब से यही दरखास्त है कि स्पे ाल कोटर्स के थ्रू उनको सजा देनी चाहिए। स्पीकर साहब, जिस तरह से पंजाब में हुआ उसी तरह से ये भी बेगुनाह लोग थे। उनका कोई कसूर नहीं था। वे लोग राजस्थान से आ रहे थे और इन ट्रांजिट मारे गए। 19 गुरूद्वारों को नुकसान पहुंचाया गया। मैं चाहता हूं कि अगर चीफ मिनिस्टर साहब के दिल में जरा भी उन लोगों के प्रति और उन गुरूद्वारों के प्रति दर्द है तो उनको जो मुआवजा दिया गया क्या वे पता करेंगे कि जो कुछ दिया गया है वह सही मिला है या नही। मैं उम्मीद करता हूं कि वे हाउस में यह बता बताएंगे या वे मुझे पर्सनली बताएंगे।

स्पीकर साहब, फाइनैंस मिनिस्टर ने जो हाउस में बजट पे ा किया है, अब मैं उसके मुताल्लिक कुछ जिक्र करना चाहता हूं। बडी ऐस्केलेटिड फिगर्ज फाइनैंस मिनिस्टर ने हाउस में पे ा की हैं। इसमें कोई भाक नहीं है कि वे एक इंटैलीजैंट आदमी हैं। स्पीकर साहब, इन्होंने 114.32 करोड रूपए का बजट में घाटा दिखाया है। और उसको पूरा करने के बारे में बताया है कि सत्तर करोड रूपया तो एस0वाई0एल0 कैनाल के लिये मिल जाएगा और पैंतालीस करोड रूपया कंसाइनमैंट गुडज जिसके बारे में भारत सरकार ने अभी कानून नहीं बनाया है उससे मिल जाएगा। स्पीकर साहब, 1981 से यानी दो तीन साल से एस0वाई0एल0 का काम चल रहा है और हरियाणा सरकार ने चालीस करोड रूपया दिया है तो फिर कौन सी वजह है कि भारत सरकार अब सत्तर करोड रूपया देगी। स्पीकर साहब, जहां तक कंसाइनमैंट टैक्स की बात है वह तो सैंट्रल सेल्ज टैक्स में कन्वर्ट हो जाएगा। इस तरह से हरियाणा सरकार को कुछ पैसा नहीं मिलेगा और यह जो 114.32 करोड का घाटा है यह 225 करोड रूपए का घाटा हो जाएगा जिससे कि हरियाणा की इकोनोमिक कंडी ान भौटर हो जाएगी। मैं फाइनैंस मिनिस्टर से दरखास्त करूंगा कि वे नए साधन जुटाएं और अपने रिसोर्सिज को टेप करें। हमारी जो सातवीं प्लान हैं वह 3200 करोड रूपए की है और इसके बारे में फैसला अगले महीने होगा। स्पीकर साहब, इसमें भी कट लगेगा क्योंकि हमारे अपने कोई मैचिंग रिसोर्जिज नहीं है जो स्टेट के बजट को मैच नहीं कर पा रहे हैं। पता नहीं फाइनैंस मिनिस्टर 3200 करोड रूपए का

प्लान बनाकर कैसे सैंक ान करायेंगे। मुझे डर है कि प्रायरिटी सैक्टर जिस पर हरियाणा की जिन्दगी का दारोमदार है, जब प्लान सैंक ान होगा तो भारत सरकार उस पर कट लगायेगी।

स्पीकर साहब, हरियाणा के अंदर इरीगे ान की बहुत बडी प्रौब्लम है। इरीगे ान मिनिस्टर साहब बहुत इंटैलीजैंट आदमी हैं। स्पीकर साहब, अगले इलैक ान होने में अभी दो साल बाकी हैं और एस0वाई0एल0 नहर इस असैम्बली की मियाद में हरियाणा में नहीं आयेगी। मैं चाहता हूं कि सरकार को इस मामले में अपने रिसोर्सिज फाइंड आउट करने चाहिए। ग्राउंड वाटर को टेप करें और हिमाचल से कालका और ताजेवला तक छोटे छोटे डैम बनाए। सरकार ने पांच सात डैम बनाए हैं लेकिन जिस रफतार से सरकार को इस काम में इंट्रैस्ट लेना चहिए उस रफतार से यह सरकार दिलचस्पी नहीं ले रही है। पता नहीं इसका क्या कारण है ? मैं चीफ मिनिस्टर साहब से दरखास्त करूंगा कि वे इस काम में इंट्रैस्ट लें और यह इलाका ऐसा नहीं है जिसको इग्नोर किया जाए। यह बहुत बियटीफुल इलाका है। नारायणगढद्य, कालका से ताजेवाला तक का इलाका बहुत ही खूबसूरत इलाका बन सकता है। स्पीकर साहब, एस0वाई0एल0 नहर के पानी में अभी देर लगेगी। हमारी सरकार को चाहिए कि वे यमुना कैनाल और रिवर गंगा के पानी के बारे में यू0पी0 सरकार से बात करें और पानी के साधन जुटाये तभी हरियाणा के किसान का भला होगा और वह पूरी तरह से और मेहनत कर सकेगा।

स्पीकर साहब, अब मैं इंडस्ट्रियलाइजे ान के बारे में कहना चाहता हूं। हरियाणा कुदरती तौर पर बडा खु ा किस्मत है कि दिल्ली के नजदीक होने के कारण यहां पर इंडस्ट्री का बहुत बडा स्कोप है। मुझे बडे अफसोस के साथ कहना पडता है कि कालके के अंदर चार सौ पांच सौ एकड जमीन ऐक्वायर की गई थी और उसका दफा चार का नोटिफिके ान भी हो गया था लेकिन पता नहीं कि किस वजह से उस काम में आगे प्रोग्रैस नहीं हो रही है। मेरी दरखास्त है कि चीफ मिनिस्टर साहब, इस तरफ ध्यान दें। स्पीकर साहब, मैं एक बात चीफ मिनिस्टर साहब और पब्लिक हैल्थ मिनिस्टर साहब के नोटिस में लाना चाहता हूं कि परवाणू का जो इंडस्ट्रियल काम्पलैक्स है वहां का पौलूटिड वाटर कालका में जो ड्रिंकिंग वाटर है, उसको पौल्यूट कर रहा है। इंटरस्टेट डिस्पयूट है। मै। सरकार से अर्ज करना चाहता हूं कि हरियाणा सरकार इस बारे में पूरी कोि ा करे और हिमाचल गवर्नमैंट को मजबूर करे कि वहां से जो पौल्यू ान आ रहा है वह उसको रोके जिससे कि कालका के अंदर बीमारी न फैले। दूसरी बात यह है कि बरोटीवाला से मडावाला में पौल्यू ान आ रहा है। इसको भी रोकने की जरूरत है। मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि चीफ मिनिस्टर साहब, इस बारे में हिमाचल सरकार से बात करें।

स्पीकर साहब, अब मैं टैक्से ज्ञन के बारे में कहना चाहता हूं। सरकार ने अपने रिसोर्सिज को टैप किए बगैर टैक्स

लगा दिए हैं और इन टैक्सों से कुछ इंक्रीज होने वाला नहीं है। स्पीकर साहब, सरकार ने ट्रांसपोर्ट के किराये बढाये हैं और इस बढौतरी को जस्टीफाइड करने के लिये कहा है कि पैट्रोल की कीमत बढी है और डीजल की कीमत बढी है। स्पीकर साहब, इस बढौतरी के कारण 146 कमौडिटीज की कीमत और बढ जाएगी। इसमें कोई भाक नहीं कि पैट्रोल की कीमत बढी है लेकिन जब तक स्टेट अपने रिसोर्सिज को टैप नहीं करेगा तब तक कोई फायदा होने वाला नहीं है। इस बारे में मैं सरकार को राय देना चाहता हूं कि सरकार अपने इन्टरनल रिसोसिर्जज टैप करे। स्पीकर साहब, जब कभी स्टेट की इकौनोमी खराब हो और स्टेट के फाइनैंसिज में क्राइसिज हो तो इसके लिये खर्चे में पैसा बचाना आव यक है। स्पीकर साहब, इस संबंध में मैं दो चार बातें कहना चाहता हूं। स्पीकर साहब, कार्पोरे ांज और बोड्र्ज में प्राइवेट आदमियों कबो चेयरमैन बनाया हुआ है। उनके अंदर न तो कोई टैक्नोलोजी है और न उनको मैनेजमैंट को कोई तजुर्बा है। स्पीकर साहब, अब तो ऐन्टी डिफैक ानल बिल भी पास हो गया है। इसलिये कोई डर की बात नहीं है और इन लोगों की, इन प्राईवेट आदमियों को हटा देना चाहिए और जो ऐक्सपर्ट लोग हैं उनको वहां लगाना चाहिए। ऐसा करने से लाखों रूपए की सरकार को बचत होगी। स्पीकर साहब, जब फाइनैंि ायल क्राइसिज हो, तो हमें गुजारा करने के लिये एक एक पैसा बचाना जरूरी है। हमें छोटी कार का प्रयोग करना चाहिए। मेरे ख्याल में चीफ मिनिस्टर के लिए बडी कार का होना जरूरी है बाकी

मिनिस्टर्ज के लिये ऐम्बैसेडर या फिएट कार काफी है। स्पीकर साहब, अब तो हमारे प्राईम मिनिस्टर और सैंटर के दूसरे मिनिस्टर ऐम्बेसडर कार ही प्रयोग करते हैं। देखा गया है कि घास लेने के लिये भी कारें जाती हैं। स्पीकर साहब, इस तरह के खर्चों पर कंट्रोल किया जाए। अगर इस तरह से थोडा थोडा पैसा भी बचाएंगे तो काफी बचत हो सकेगी। मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर का यह काम है कि वे ये देखें कि इकनौमी कैसे हो सकती है। स्पीकर साहब, एक एक कतरे से तालाब भर जाता है। इनको यह देखना चाहिए कि स्टेट की इकोनोमी कैसे स्टेबल हो सकती है, स्टैट का पैसा कैसे बच सकता है ? यह काम चीफ मिनिस्टर और फाइनैंस मिनिस्टर का है अपोजी ान का नहीं है। हम तो केवल इस बारे में राय दे सकते हैं।

स्पीकर साहब, यहां पर ऐग्रीकल्चर की बात भी कही गयी। ऐग्रीक्लचर के मुताल्लिक मैं यह बताना चाहता हूं कि इन्होंने एक मोनो ब्लाक 7.5 हार्स पावर के पम्पिंग सैट पर टैक्स रिडूस किया है। हमारी ऐग्रीकल्चरल स्टेट है, इसमें भाक की बात नहीं है। अपोजी ान भी यह कहती है और सरकार भी यह कहती है लेकिन स्पीकर सर, मैं वित्त मंत्री महोदय से दरखास्त करूंगा कि ये हमारी पडौसी स्टैटस में जैसे कि हिमाचल प्रदे ा है, यू0पी0 है, वहां जाकर देखें कि वहां की सरकारों ने ऐग्रीकल्चर के मामले में, वहां कि किसानों को कितनी कितनी ज्यादा सहूलियतें दी हैं। स्पीकर साहब, हमारे वित्त मंत्री महोदय बडे ही इंटैलीजैंट

हैं, भारियूड हैं लेकिन उन्होंने पता नहीं किस तरह से फेर बदल करके फिगर्ज को ऐस्केलेट कर दिया। इसको आम आदमी तो समझ नहीं पाएगा कि यह बजट स्पीच क्या है। चौधरी कटार सिंह जी भारीफ आदमी थे। वे डरते थे और चाहते थे कि फिगर्ज को ठीक रखो बहुत ऐस्क्वेलेट न करो। उन्होंने 45–46 करोड रूपये का घाटा दिखाया था जो बाद में 92 करोड हो गया लेकिन अब उन्होंने सवा करोड का घाटा दिखाय है। भाायद वह बढकर ढाई करोड होगा। ऐग्रीकल्चर के बारे में खास तवज्जो सरकार को देनी चाहिए। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि एक किसान जो अढाई हैक्टेयर का मालिक है, वह अपनी जमीन में अगर ट्रायल बोर करवाना चाहता है तो सरकार को यह काम करवा के देना चाहिए। इस बात को कृपया चीफ मिनिस्टर साहब नोट कर लें। ऐसा करने से यह भी पता चल जाएगा कि जमीन के अंदर ग्राउंड वाटर अवेलेबल है। स्पीकर साहब, सरकार को गरीब किसान की हर तरह से मदद करनी चाहिए क्योंकि उसके पास टयूबवैल्ज लगाने के लिये पैसा नहीं है, वह अपने पास से नहीं लगवा सकता, बोर नहीं करवा सकता। इसलिये सरकार यह बोर का काम अपने लैवल पर करवा कर के देवे और यह देखा जाए कि जमीन के अंदर पानी है या नहीं ताकि किसान खर्चे से बच सकें।

स्पीकर साहब, मैं एक और बात सरकार के सम्मुख रखना चाहता हूं। यू0पी0 के अंदर एक कानून बना हुआ है और वहां पर 34 आईटमज पर किसान को सेल्ज टैक्स की छूट दी गई

है। जो वस्तुएं किसान के इस्तेमाल की हैं, उन पर सेल्ज टैक्स नहीं लिया जाता। इसी तरह से हिमाचल सरकार ने भी किसानों के यूज की जो चीजें हैं, जो खेती बाडी में काम आती है, उन सभी आईटम्ज पर सेल्ज टैक्स से छूट दे रही है। वहां पर 5000 हजार रूपये ट्रैक्टर यहां से सस्ता पडता है और हमारे लोग वहां से ट्रैक्टर खरीद कर लाते हैं जिससे हमारे हरियाणा को नुकसान होता है। हरियाणा के अंदर हर पांच ट्रैक्टर पर दो ट्रैक्टर बनते हैं या तीन ट्रैक्टर बनते हैं इससे हरियाणा में टैक्टर्ज की सेल पर काफी फर्क पडता है। इसलिये हरियाणा के किसान को भी इन इम्पलीमैंटस पर सेल्ज टैक्स से ऐग्जैम्प ान होनी चाहिए ताकि हरियाणा के किसान को राहत मिल सके। इस वक्त हरियाणा के अंदर फरीदाबाद और पिंजौर में दो फैक्टरियां ट्रैक्टर बनाने की हैं लेकिन दूसरे राज्यों में ट्रैक्टर किसनों को काफी सस्ते पडते हैं। यहां से किसान खरीद नहीं सकता किसान हर लिहाज से यहां पर सफर कर रहा है। यह कोई अच्छी बात नहीं है। इसलिये सरकार इस तरफ ध्यान दे। इसके साथ साथ मैं फाइनैंस मिनिस्टर महोदय से यह भी कहूंगा कि किसानों को जो गेहूं का 157 रूपये रेट दिया गया है, यह बहुत थोडा हैं इससे किसानों को कुछ बचने वाला नहीं है। इस तरफ सरकार ध्यान दे। किसानों की हालत बडी ही खस्ता है और सिर्फ कह देने से किसानों के साथ हमदर्दी रखना या लिपसिम्पथी से कोई किसानों की समस्या हल नहीं होने वाली है। स्पीकर साहब, आप भी किसान हैं, आप भी महसूस करते हैं कि यह जो 6–7 हजार रूप्या ट्रैक्टर पर यहां पर सेल्ज टैक्स

लगता है, वह जमींदार को देना मु ि कल है। इसलिये यह टैक्स किसानों से नहीं लिया जाना चाहिये। इसके साथ साथ दूसरी इम्पलीमैंटस जो किसानों के रोजाना यूज की हैं, उन पर भी हिमाचल और यू0पी0 की सरकारों की तरह सेल्ज टेक्स से माफी होनी चाहिए। तभी किसान फलफूल सकता है और हमारे हरियाणा में खु ाहाली आ सकती है। अगर हमारा किसान खु ाहाल होगा तो हमारी स्टेट भी खु ाहाल होगी। मेरी सरकार से एक हम्बल सबमि ान है कि इस तरफ सरकार खास तवज्जो दे और किसानों को हर तरह से राहत दें।

स्पीकर साहब, सरकार ने जो चूड़ियों के ऊपर टैक्स माफ किया है, वह भी एक अच्छा कदम है। चूंडियां तो और भी किस्म की हैं, प्लास्टिक की चूडियां भी बनती हैं, इसलिये उन पर भी यह टेक्स माफ होना चाहिए नहीं तो वे आपसे निरा ा हो जाएंगे। स्पीकर साहब, मुझे यह नहीं पता कि ये चूडियां कहां बनती हैं लेकिन सुना है कि भिवानी में बनती हैं और भाायद अम्बाला में भी बनती हैं। इसलिये प्रार्थना है कि प्लास्टिक की चूडियों पर से भी टैक्स हटाया जाए।

स्पीकर साहब, सरकार ने मैनुफैक्चजरर्ज की जो सेल 20 हजार तक की होती थी उसकी लिमिट बढा कर अब एक लाख तक कर दी है। अगर यह लिमिट बढा कर दो तीन लख कर दी जाए तो इसमें सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा सिवाये इसके कि इस पर इंस्पैक्टर्ज कंट्रोल खत्म होता है, और कोई बात नहीं

है। सेल्ज टैक्स की कोई बात नहीं है, सिर्फ एक कागजीद कार्यवाही है। एक लाख का माल तो एक महीने में ही निकल जाता है। इसलिये सरकार को लोगों को ईमानदार बनाने को तरजीह देनी चाहिए। इसलिये मेरा सुझाव है कि एक लाख की बजायेयस अगर सरकार दो लाख तक को लिमिट बढा दे तो इससे कोई फर्क नहीं पडैगा क्योंकि सेल्ज टैक्स देकर जो चीज लाना चाहेगा लाएगा बल्कि इससे बैटर कन्ट्रोल हो सकता है। (घण्टी) स्पीकर साहब, मैंने बोलना तो बहुत था लेकिन आपने घण्टी बजा दी। मैं तो आपको ओबिडिएन्ट हूं जैसे आप हुक्म करेंगे, सर माथे पर लेकिन आप मुझे डिमांडज पर बोलने का समय दे देना। इन लफजों के साथ मैं अपने वित्त मंत्री महोदय और सरकार से यह कहूंगा कि जो जो सुझाव मैंने यहां पर दिये उन पर पूरी तरह से गौर किया जाए। यह नहीं होना चाहिए कि जो बातें अपोजी ान ने कहीं हैं, चाहे वे कितनी ही अच्छी क्यों न हों, वह तो माननी ही नहीं हैं। अगर नेक बातें हैं ऐग्रीकल्चर के हित में, किसान के हित की हैं, गरीबों के हित की हैं, प्रदे ा के हित की हैं, उन बातों को अव य मान लेना चाहिये ताकि हरियाणा के किसानों को सरकार की तरफ से हर प्रकार की राहत मिल सके। इससे प्रदे ा का भी हित होगा। जय हिन्द!

चौधरी रो ान लाल आर्य (छछरौली): अध्यक्ष महोदय, 1985–86 का बजट सदन में विचार के लिये और अनुमोदनार्थ पे ा हुआ है और इस पर एक दो दिनों से चर्चा हो रही है। मैं

भी इस पर अपने विचार रखने के लिये और इसका समथ्रन करने के लिये खडा हुआ हूं। यह बजट आगामी पंच वर्शीय योजना के प्रथम वर्श का बजट है। इसको पढने से साफ तौर पर यह दिखायी देता है कि यह बजट हरियाणा की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा और हरियाणा के किसानों को, मजदूरों को, हरियाणा की जनता को राहत दिलायेगा। (**इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए**)

उपाध्यक्ष महोदय, अभी मेरे पूर्व बोलते हुए मेरे माननीय सदस्य ने यू0पी0 और हिमाचल प्रदे ा की सरकारों की कारगुजारी का यहां पर जिकर किया। मैं भी एक और बात यहां पर कहना चाहता हूं कि हिमाचल और उत्तर प्रदे ा राज्यों से प्रति व्यक्ति आय हमारे यहां की ज्यादा है और यह केवल इन दोनों प्रदे ाों से ही अधिक नहीं है बल्कि सारे दे ा में हमारे प्रदे ा का स्थान इस लिहाज से तीसरा है और इस बजट के इम्पलीमैंट होने के बाद यह स्थान प्रथम या दूसरा आने की सम्भावना है। जो केन्द्रीय बजट पे ा किया गया है, उसी की लाईन पर, उसी को आधार मानकर हरियाणा सरकार ने, हमारे वित्त मंत्री महोदय ने इस बजट को पे ा किया है। इस बजट को पढने से यह साफ दिखायी पडता है कि इसमें किसानों के लिये बहुत सारी राहतें दी गयी हैं और वि ोश कर जो ग्रामीण बेरोजगार हैं उनके लिये रोजगार की व्यवस्था की गयी है। जितने हमारे नवयुवक कृशि वर्ग से सम्बंधित हैं, उनको रोजगार देने के लिये बहुत ही व्यापक स्तर

पर इस बजट में प्रबन्ध किया गया है। जैसे डेयरी की बात है और भी इसी तरह के काम हैं जो पृथक पृथक कृशि के साथ साथ कर सकते हैं। फसलें काटने के बाद जो खाली समय होता है उसमें किसान को सहायक धन्धों के तौर पर कार्य करने के लिये सरकार ने काफी तरह की सुविधा किसानों की जुटाई हैं ताकि वह ज्यादा काम काज में लगा रहे और अपनी व अपने प्रदे ा की हालत को और सुधारता रहे इसी तरह से प्र ाासन तंत्र में तीव्र गति से काम काज को करने के लिये हरियाणा ही एक ऐसा प्रदे ा है जहां पर 5 दिन की बजाये छः दिवसीय सप्ताह भुरू किया गया है। दे ा में सब से पहले ऐसा हमारे हरियाणा ने ही किया है। केन्द्र सरकार को छः दिवसीय वीक की बजाए 5 दिन का सप्ताह करना चाहती है। लेकिन हमारे यहां प्र ाासन को स्वच्द बनाने तथा काम को जल्दी करने के लिये ऐसा कदम उठाया गया है। कितने गर्व की बात है ? यह कदम इसलिये उठाया गया है ताकि दफतरों में रोजमर्रा के काम और तेजी से किये जा सकें और काम में कार्यकु ालता लाई जा सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, पैरा नें0 15 में साफ तौर पर यह द ार्ाया गया है कि हमारे हरियाणा में रोजगार की, उत्पादक रोजगार की अधिक से अधिक व्यवस्था होगी। इसमें और भी बहुत से प्वायंटस दिये गये हैं। लेकिन समय की कमी को ध्यान में रखते हुए मैं सूक्ष्म तौर पर यह कहूंगा कि इस बजट में इस बात की व्यवस्था की गयी है कि उद्योगों को आगे बढाया जाये। हमारे

प्रदे ा के निवासियों को इस पर गौरव होना चाहिये कि उद्योगों को बढावा देने के लिये सारे भारत में हमारे हरियाणा ने ही सबसे पहले पहल की है और तमाम दूसरे मुल्कों में रहने वाले जो लोग यहां हरियाणा में उद्योग लगाने के इच्छुक हैं, उनको हर तरह की सुविधाएं यहां पर उलबब्ध करायी जाती हैं और लोग बाहर से आकर हमारे हरियाणा में उद्योग लगाने का प्रयास कर भी रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा अपने भाइयों से अनुरोध है कि जब कहीं हरियाणा की उन्नति की बात आती है, दे ा की उन्नति की बात आती है, तो उस समय उनहें किसी प्रकार की जलन महसूस नहीं होनी चाहिए बल्कि उनको इस बात को महसूस करना चाहिए और गर्व करना चाहिए कि हमारा हरियाणा आगे बढ रहा है और हमारा दे ा आगे बढ रहा है। जहां तक सरकार की नीति की बात है, अगर मेरे भाइयों ने उसके बारे में अपने विचार रखने हों, तो रखें लेकिन उनको इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि जब हरियाणा की और हमारे दे ा के सम्मान की बात आए तो उनको इस बात का गौरव महसूस होना चाहिए कि हरियाणा हर लिहाज से सारे दे ा में आगे बढ रहा है। हरियाणा में जो भी उन्नति का काम होता है वह हरियाणा के सभी वर्गों के लिये होता है। हमारे प्रदे ा में जो पिछडे वर्ग हैं, पिछडी जाति के लोग हैं कमजोर वर्ग के लोग हैं उनके कल्याण के लिये हमारी सरकार ने बहुत सारे कदम उठाये हैं, जो कि प्र ांसनीय हैं और हमारे इन अपोजी ान के भाइयों को इसका गौरव होना चाहिए। हरिजन

कल्याण निगम और वीकर सैक ान निगम द्वारा गरीब लोगों के लिये बडे पग उठाये गये हैं ताकि जो यहां का गरीब मजदूर हैं, गरीब आदमी है, उसकी हालत को सुधारा जा सके, उसकी आर्थिक स्थिति को ऊपर लाया जा सके। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे इस बजट ने एक बहुत बडा काम किया है जिसको हमारे ये भाई देख नहीं पा रहे हैं। वह काम हैं हयूमन कैपिटल का। इस काम के लिये इस बजअ में बहुत प्रावधान है। आप खुद देख लें कि ि ाक्षा और चिकित्सा के लिये कितना पैसा रखा गया है यानी जितनी भी जन कल्याण की योजनाएं हैं उनके लिये बहुत पैसा रखा गया है। इन योजनाओं को हयूमन कैपिटल समझा जाना चाहिए। भाास्त्री लोग इस बात को समझते हैं कि जो पैसा विकास के कामों पर, रोजगार देने पर, ि ाक्षा और दवाइयां देने पर लगता है उस पैसे से हयूमन कैपिटल की फारमे ान होती है। हमारे वित्त मंत्री महोदय ने इतना बढिया बजट पे ा करके हरियाणा के विकास के लिये बहुत बढिया मार्ग प्र ास्त किया है। मैं समझता हूं कि इस बजट में बहुत सी सुविधाएं दी गई हैं। वे सुविधाएं भी हमारे इन भाइयों में से बहुत को समझ नहीं आई होंगी। इस बजट से हमारा आर्थिक ढांचा मजबूत होगा। कई बार ऐसा होता है कि जैसे कोई निर्माण कार्य चल रहा हो तो उस समय लगता है कि खर्चा ही खर्चा होता जा रहा है लेकिन जब वह काम पूरा हो जाता है तो हम देखते हैं कि वह प्रदे ा की तरक्की का आधार बन जाता है। हमारे साथियों ने कहा कि बजट में बहुत ज्यादा घाटा है, दूसरे प्रदे ाों के अंदर यह राहत दी गई

और वह राहत दी गई है लेकिन फिर भी वहां इतना घाटा नहीं है। ऐसी बात नहीं है, कई बातें ऐसी हैं जो मैं किन्हीं कारणों की वजह से नहीं बता सकता। कई ऐसे प्रदे ा हैं जिनमें हमारे से दस गुणा ज्यादा आबादी हैं लेकिन वहां भी ऐसा बजट पे ा नहीं किया गया है, जैसा हमारी हरियाणा की सरकार ने किया है। मैं प्रार्थना करूंगा कि इस बजट को सर्व सम्मपति से पास किया जाए ताकि जनता यह समझ सके कि यहां पर राजनैतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन बजट के संबंध में सारी विधान सभा ने इसे सर्व सम्मति से पास किया है। इन भाब्दों के साथ मैं अपना स्थान लेता हूं और आ ाा करता हूं कि इस बजट को सर्व सम्मति से पास किया जाएगा।

चौधरी धीरपाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आड्र है। अभी माननीय सदस्य ने कहा कि हरियाणा के सिवाए कहीं भी 6 दिन का हफ्ता नहीं है। उनको पता होना चाहिए कि केन्द्र में पहले ही 6 दिन का हफ्ता है।

श्री उपाध्यक्षः आप कृपया बैठिए।

श्री हरि चन्द हुड्डा (किलोई): डिप्टी स्पीकर महोदय, 1985–86 का जो बजट हाउस के सामने पे ा है इसको मैं इन्साफ और सिद्धांत के तराजू पर रख कर आप लोगों के सामने धर्म और अधर्म के पलडे पर तुलवाना चाहता हूं। मैं इस बजट को दो सिद्धांतों पर लेता हूं। मैं इस बजट को दो सिद्धांतों पर लेता

हूं। एक तो यह कि कोई भी बजट जिसमें घाटा है जैसे इसमें 114 करोड रूपए का घाटा है वह क्रप ान पैदा करेगा। The deficiency in money always produces corruption. दूसरे कोई भी बजट जिसका बंटवारा ठीक न हो, वह गुरबत पैदा करता है यानी if there is inequality in distribution of Budget it will produce poverty. ये दो सिद्धांत हैं। इन दोनों सिद्धांतों के बारे में मैं एक कोटे ान दे रहा हूं–

J. Hicks says-

"This is not a budget; it is a tug of war of economy between the rich and the poor. the bureaucracy Government is always on the side of rich man. Under the circumstances, the national Budget has never been distributed equally. That is why the rich become richer and the poor become poorer."

This is a law.

इसलिये ये जो बजट आ रहे हैं इन्होंने गरीब आदमियों को ज्यादा मारा है। अब जब मैं यह कोटे ान रखता हूं और हिन्दुस्तान के आंकडों को देखता हूं तो हिन्दुस्तान के 50 प्रति ात लोग गरीबी की रेखा से नीचे पड़े हैं, हिन्दुस्तान की आधी आबादी भूखमरी का ि ाकार बन कर खडी है। ये जो प्लान हैं ये पूंजीपतियों का एक ड्रामा है और यह ड्रामा हिन्दुस्तान की धरती पर खेला जा रहा है। इसलिये इस बजट और प्लान के बारे में मैं बोल रहा हूं। जहां तक सो ालिज्म की बात है, इसमें एक आदमी तो मौज उडाता है और एक आदमी भूखा मरता है। डिप्टी

स्पीकर साहब, अगर मैं इस बजट को देखकर रिपोर्ट पे ा करूं तो आपके सामने आर0के0 हजारी की रिपोर्ट है, नै ानल सैम्पल सर्वे कमेटी की रिपोर्ट है। इसके अलावा जितने इकौनौमिस्टस हैं जैसे डा0 खुसरो है, इनकी रिपोर्ट को अगर देखा जाए तो उनसे सीधी सी बात नजर आती है कि हिन्दुस्तान के इन बजटों में बे ुमार बाते हैं। इनमें आमदनी कम है और खर्च ज्यादा है, इंडस्टरी की रफतार कम है। इन चीजों से अपर क्लास पैदा हो गई है और वह इस बजट से अपनी जेब भर रही है। आज टैलीविजन, कार, बंगलें तथा और सुविधाओं से ये लोग ऐ ा कर रहे हैं। इस बजट के जरिये 20 प्रति ात आदमी तो बहुत ऊपर चले गये हैं और बाकी 80 प्रति ात जिनमें किसान मजदूर आते हैं वे बहुत नीचे चले गये हैं। यह इन बजटों की रूप रेखा है। अब इनका बीस सूत्री प्रोग्राम आता है। इसमें मैं देखता हूं कि–

वायदे ज्यादा काम कम,

कंट्रोल ज्यादा फायदे कम,

भर्ती ज्यादा सर्विस कम,

नहरें ज्यादा पानी कम,

खम्बे और तार ज्यादा, बिजली कम।

16.00 बजे।

डिप्टी स्पीकर साहब, फसलें कागजों पर उगाई जा रही हैं। और लोगों का पेट प्रोपेगण्डे से भरा जा रहा है। मैं इस बात को जरूर मानता हूं और मान कर चलूंगा। इस बजट भाशण के पैरा दो के अन्दर स्वर्गीय प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के कारे में जिकर किया गया है। इस बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि वे केवल हिन्दुस्तान की ही नेता नहीं थीं बल्कि दुनिया के महान नेताओं में से एक नेता थीं। इस बात को मैंने ही नहीं बल्कि सारी दुनिया ने माना है। डिप्टी स्पीकर साहब, 31 अक्तूबर 1984 हिस्टोरीकल डे है इसमें कोई भाक नहीं। यह एक हिस्ट्री बन चुकी है। लेकिन मैं साहड बाई साइड एक बात और कहना चाहूंगा कि the year of 1984 has been the year of disorder, violence, recession and disintegration जिसकी वजह से 1984 का साल हिन्दुस्तानी कौम के लिए एक ऐसी भाक्ल पैदा कर गया। The memory of the people is very short. False slogans are given to the hungry people. हम एक गरीब ने ान हैं। मैं समझता हूं उसका एक रीजन है। जो गवर्नमैंट की पालिसी है वह दो चीजों पर चलती है। पहली यह है कि लोगों की याददा त बहुत कमजोर है और दूसरी गरीब लोगों को झूठे सलोगन देना। उकसका रिजैल्ट हमारे सामने आया कि जो औफि ायल म ाीनरी है वह पोलिटीकल म ाीनरी बन चुकी है। और जो पोलिटीकल पार्टी म ाीनरी थी वह मर चुकी है। इसके अन्दर पोलिटीि ायन भी आ गए और पूंजीपति भी आ गए। ये दरअसल मौरल से बहुत पीछे चले गए और उसका रिजल्ट यह निकला कि

दे ा के अन्दर कमजोरी आती चली गई। दे ा की कमजोरी का नतीजा यह हुआ कि जितनी पोलिटीकल पार्टीज थीं वे सारी अपने अपने घरों में बैठ गई। जो औफि ियल म ीनरी है उसने सरकार की जगह ले ली। ..... (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः हाइजैकिंग और चोरों वाली बात रिकार्ड न की जाए।

श्री हरिचन्द हुड्डाः डिप्टी स्पीकर साहब, इन हालात में मैं यह कहना चाहूंगा कि पोलिटीकल पार्टीज कासियासी ढांचा, आर्थिक ढांचा और मौरल ढांचा इतना गिर चुका है, इतना खराब हो चुका है कि विधान सभाओं और पार्लियामैंट में जितने भी हिन्दुस्तान के लीडर या हिन्दुस्तान के रहबर हैं, वे केवल भाशण देते हैं और कुछ नहीं करते। जैसे पिक्चर में एक हीरोइन स्टेज पर अपनी चमक धमक दिखाती है और चली जाती है इसी तरह से हमारे दे ा की लीडर करते हैं और दे ा भूखा रह जाता है। (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक मिनट में अपनी बात खत्म करता हूं। आखिर में मैं इस सरकार के हालात को देखते हुए एक ही बात कहना चाहूंगा –

पंछी समझते हैं चमन बदला है,

सितारे समझते हैं, गगन बदला है,

मगर भाम ाान की भूमि यह कहती है,

है ला ा वही सिर्फ कफन बदला है।

चौधरी धर्मबीर गाबा (गुड़गांवा): डिप्टी स्पीकर साहब, 20 मार्च को वित्त मंत्री जी ने जो बजट पे ा किया है मैं उसका समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं। पिछले दिनों हमारे सूबे में काफी खराब हालात पैदा हुए थे लेकिन उसके बावजूद भी हम तराक्की की तरफ बढे हैं और बढते रहेंगे। मैं इस बजट को यदि थोडे लफ्जों में समअप करना चाहूं तो हम इतना कह सकते हैं कि यह बजट ग्रोथ ओरिएन्टिड, सो ाल जस्टिस और एक्वैलिटी के लिए है। डिप्टी स्पीकर साहब, सबसे पहले मैं रोडज के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा। इस बजट के अन्दर सडकों के लिए 13 करोड 69 लाख रूप्ए का प्रावधान किया गया है जो कि बहुत ही थोडा हे। सडकों की रिपेयर्ज के लिए यह रा ि ा रखी गयी है। मैं समझता हूं कि इस पैसे को अगर थोडा और बढा सकते हैं तो बढा दिया जाए। यह बहुत ही थोडी रा ि ा है। इसके अलावा 15 करोड 37 लाख रूपए का नई सडकें बनाने के लिए प्रावधान किया गया है। यह भी बहुत थोडा पैसा है। इसको भी बढाया जाना चाहिए। यह भी ठीक है कि स्टेट के अंदर 20 हजार किलोमीटर लम्बी सडकें हैं लेकिन इसके बावजूद भी हमें और नई सडकें चाहिएं। नई सडकें बनाने के लिए जितना पैसा इस बजट में रखा गया है। वह बहुत ही थोडा है। अगर उस पैसे की बढौतरी हो सकती है तो मंत्री महोदय हाउस में बैठे हैं उस पर विचार कर लें और इस रा ि ा को बढा दें। इस बजट में जैसा

मैंने पहले कहा 200 किलोमीटर नई सडकें बनाने के लिए 15 करोड 37 लाख रूपए खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इस बारे में मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि एप्रोच रोडज सबसे पहले स्कूलों के लिए बनाई जाएं। जिन स्कूलों के लिए एप्रोच रोडज पहले नहीं बनाई गई थीं उनके लिए बना दी जाएं ताकि बरसात के दिनों में बच्चों को कोई तकलीफ न हो जो 13 करोड 69 लाख रूपया रोडज की रिपेयरिंग के लिए रखा गया है, इसमें से 7 लाख 17 हजार रूपया एस्टेब्लि ामैंट का खर्चा है, एक करोड 57 लाख रूपया म ाीनरी के लिए है और बाकी पांच करोड रूपये के करीब बचता है जो कि बहुत ही थोडा है। हमारी स्टेट में जैसा मैंने पहले कहा 20 हजार किलोमीटर लम्बी सडकें हैं जिनकी रिपेयर के लिए यह पैसा बहुत ही थोडा है। अगर इस पैसे को बढा दिया जाए तो अच्छी बात होगी।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं एजुके ान के बारे में कुछ बातें कहना चाहूंगा। आज हरियाणा के अन्दर ऐजुके ान 36 परसैंट के लगभग है। इसके लिए मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि हमें ऐजुके ान और चाहिए। इस बजट के अन्दर स्कूलों की नई बिल्डिंगे बनाने के लिए पैसे का प्रावधान नहीं किया गया है। स्कूलों के लिए बहुत ही थोडा पैसा रखा गया है। स्कूलों के लिए केवल 2 लाख 50 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। अगर इस पैसे को बढा दिया जाए तों मैं समझता हूं यह बहुत ही नेक काम होगा। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं वित्त मंत्री जी से यह भी

गुजारि ा करूंगा कि स्कूलों की बिल्डिंगों की मैंटीनेंस के लिए भी जो पैसा रखा है वह बढा दें।

डिप्टी स्पीकर साहब, अर्बन डिवैल्पमैंट के लिए केवल 70 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। अगर इस पैसे को भी बढा दिया जाए तो बहुत नेक काम होगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसके बाद मैं एक्साइज एण्ड टैक्से ान डिपार्टमैंट के बारे में इतना ही कहना चाहता हूं कि इसमें कोई भाक नहीं कि टैक्सिज बढे हैं। टैक्सिज के बगैर न स्टेट चल सकती है और न दे ा चल सकता हैं। इस बारे में मेरा एक सुजै ान मंत्री जी से है। मेरा सुजै ान यह है कि टैक्सिज के बारे में हरियाणा और दिल्ली की आपस में यूनिफार्मेटी हो जाये तो उससे हरियाणा को काफी टैक्स आ सकता है। हरियाणा औद दिल्ली में टैक्सों में फर्क होने के कारण हरियाणा का आधा टैक्स दिल्ली को चला जाता है। आप पैट्रोल और डीजल को ही ले लें। हमारे यहां से दिल्ली और हरियाणा में सिर्फ 4 किलोमीटर का फासला है। दिल्ली के अन्दर पैट्रोल हरियाणा की अपेक्ष 40–50 पैसे लिटर कम है और इसी प्रकार से डीजल भी दिल्ली में हरियाणा की अपेक्षा 25–30 पैसे लिटर कम है। दिल्ली में इन चीजों के रेट कम होने पर हमारी सेल कम हो जाती है। मेरी सुजै ान यह है कि मंत्री जी इस बारे में बडी संजीदगी से सोचें। उदाहरण के तौर पर आप देखिए कि गुड़गांवा से रिवाड़ी तक का इलाका, पलवल से फरीदाबाद तक का इलाका और इधर सोनीपत

व बहादुरगढ का इलाक दिल्ली के साथ लगते हैं। ये एरिया दिल्ली के साथ लगने की वजह से पैट्रोल और डीजल की सारी सप्लाई हरियाणा के पैट्रोल पम्पों की बजाये दिल्ली से लेते हैं। इस बारे में मेरी फिर प्रार्थना है कि मंत्री जी दिल्ली के साथ टैक्सिज की यूनिफार्मेटी करें ताकि हरियाणा को ज्यादा से ज्यादा टैक्स आ सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, बजट में कर्मचारियों के लिए वित्त मंत्री जी ने काफी सहूलियतें दी हैं। इस बजट के अन्दर कर्मचारियों के लिए इन्- योरेंस की स्कीम है, कर्जों की बढौतरी है और एल0टी0सी0 की सुविधा आदि है। वित्त मंत्री जी ने एक बहुत ही अच्छा काम किया है जिसके लिए मैं इन्हें बधाई देना चाहता हूं। इन्होंने पांच भाहरों में काम करने वाले कर्मचारियों को 5 प्रति ात सी0सी0ए0 दिया है। इन कर्मचारियों की यह डिमांड काफी दिनों से चली आ रही थी। मैं खास तौर से वित्त मंत्री जी को हरियाणा सरकार को, हरियाणा के कर्मचारियों की तरफ से और वि ोशकर गुड़गांवा में काम करने वाले कर्मचारियों की तरफ से उनकी इस मांग के मानने पर बधाई देता हूं।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं अर्बन डिवैल्पमैंट के बारे में कहना चाहता हूं। इस हाउस के अन्दर बहुत सारे एम0एल0एज0 भाहरों से बन कर आये हैं जो एम0एल0ए0 भाहर से बन कर आया है उसके लिए यह समस्या है कि अर्बन डिवैल्पमैंट के लिये सिर्फ 50 लाख रूपये ही रखे गए हैं। मैं यह समझता हूं कि यह रकम

बहुत थोडी है। यह बात ठीक है कि हरियाणा अर्बन डिवैल्पमैंअ अथोरिटी ने बहुत अच्छा काम किया है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यदि किसी ने हुड्डा का काम देखना है तो वह गुड़गांवा में आकर देखे। हुड्डा ने वहां पर बहुत ही अच्छा काम किया है। लेकिन इसके साथ साथ मैं हुड्डा को एक बात के लिये जिम्मेवार भी ठहराता हूं जिसकी वजह से आज भाहरों में अन अथोराइज्ड कालोनियां बन रही हैं। इसका मेन कारण यही है कि हुड्डा ने लोगों से सस्ते भाव पर जमीन ली है और दूसरे हुड्डा ने छोटे छोटे गरीब लोगों के लिये प्लाटों की कोई व्यवस्था नही की। हुड्डा ने ऐसा भाहरों में कोई प्रोवीजन नहीं किया जिससे 100—100 गज के मकान गरीब लोगों को दिए जा सकें। हुड्डा ने 300 गज के 500 गज के और 1000 गज के प्लाट जरूर काटे हैं लेकिन गरीब लोगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस बारे में मेरी प्रार्थना है कि हुडडा ऐसे लोगों के लिये भी प्रोवीजन करे ताकि जो अन अथोराइज्ड कालोनियां बन रही हैं उनको रोका जा सके। अन अथोराइज्ड कालोनियां बढने की वजह से ही सरकार अब म्युनिसिपल ऐक्ट के अंदर अमैंडमैंट ला रही है। मेरी फिर गुजारि ा है कि हुड्डा वालों को ऐसा कोई प्रोवीजन करना चाहिए जिससे गरीब आदमियों के लिये भाहरों के अन्दर रहने के लिये मकान मिल सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं ट्रांसपोर्ट के बारे में कहना चाहूंगा। हमारे विरोधी पक्ष के भाईयों ने कहा है कि बसों

के किराये बढा दिए हैं सरकार जनता को अपनी तरफ से ज्यादा से ज्यादा सहूलियत प्रदान करती है। सरकार ने यह किराया सिर्फ 1.25 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से ही बढाया है। यह किराया बढाना वाजिब भी है और जरूरी भी। इस समय इतफाक से आनरेबल मैम्बर फतेहचन्द विज जी हाउस में नहीं बैठे। उनका भी ट्रांसपोर्ट का काम है और मेरा भी ट्रांसपोर्ट का काम है। जब हम ट्रांसपोर्ट वाले अपना रेट बढा सकते हैं तो गवर्नमैंट को बसों का किराया बढाने में क्या हर्ज है जबकि आज के दिन पैट्रोल और डीजल के रेट भी बढ गए हैं। यह जरूरी भी नहीं है कि सारे काम घाटे से ही चलें। सरकार ने आज जो थोडा बहुत बोझ हम पर डाला है इसको हम सब को हंसते हंसते बर्दा त कर लेना चाहिए। अन्त में मैं आप सब से गुजारि ा करना चाहता हूं कि इस बजट की मुखालफित न करें और इस बजट को सर्वसम्मपति से पास होने दें।

श्री मंगल सैन (रोहतक): डिप्टी स्पीकर साहब, सदन के अन्दर बजट पर परिचर्चा हो रही है। 20 तारीख को हमारे जानकार मित्र श्री सागर राम गुप्ता जी ने अपने भाशण में कदम कदम पर, पग पग पर कहना कि मैं यह कहना चाहता हूं, मैं वह कहना चाहता हूं। आज मैं उनको सुनाना चाहता हूं और सुनना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, इस सदन की मर्यादाओं को तोडा गया है और आनरेबल स्पीकर साहब ने भी इन्हें नहीं रोका। मैं उस बात को दोहराना नहीं चाहूंगा।

श्री उपाध्यक्षः डा0 साहब यह प्वायंट तो पहले उठ चुका है और इस पर उस समय फैसला भी हो चुका था।

श्री मंगल सैनः ठीक है जी। डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट के अंदर संट्रैल बजट का बार बार जिकर किया गया है। इन्होंने वह काम किया जो नहीं करना चाहिए था आपको पता होगा कि महात्मा गांधी जी जिनको ये बापू कहते हैं और उनके नाम से वोट मांगते हैं, ने नमक पर कर लगाने का विरोध किया था। ये उन्हीं के नाम पर वोट मांगते हैं ने नमक पर टैक्स लगाते हैं जिसका महात्मा गांधी जी ने विरोध किया था। इससे घटिया बात और क्या हो सकती है। अजीब सी बात है कि केन्द्र का रेलवे बजट भिवानी के संसद सदस्य ने पे ा किया और हरियाणा का बजट भिवानी के ही विधायक ने पे ा किया है। इन दोनों का एक सूत्री प्रोग्राम था कि जनता पर टैक्स लगाओ। उन्होंने रेल का भाडा बढा दिया और इन्होंने बस का भाडा बढा दिया। इसके साथ साथ रेलवे के जरिए जो सामान ढोया जाएगा उसका रेट भी बढा दिया। इसके अलावा इन्होंने बिजली पर सैस लगाया। (विघ्न) अब ये कहते हैं कि यह तो किताबों में ऐडजस्टमैंट करना है। मैं पूछना चाहता हूं कि जब किसानों में ऐडजस्टमैंट करना था तो फिर यहां लाने की क्या जरूरत था।

वित्त मंत्री (श्री सागर राम गुप्ता): वह भी आपको बतायेंगे।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, पहली बात यह है कि चौधरी कटार सिंह से यह महकमा खोस कर इनको दिया गया है। हम सोचते थे ये कोई अच्छी बात करेंगे लेकिन इन्होंने कोई खास बजट पे ा नहीं किया। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहब, मैसिव मैनडैट मिलने के बाद भी इन्होंने आम जनता को कोई राहत नहीं दी। ये बजट में फरमातें हैं और एस0वाई0एल0 के बारे में कहते हैं कि राज्य सरकार के मुख्य प्रयासों में से एक प्रयास है। हमारे किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करना। इस बारे में यह कहते हैं कि हमारा यह काम प्रमुख कामों में से एक काम है जिसको पूरा करना है। मैं मुख्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि ये ऐग्रीमैंट कब का है। आपने अब तक क्या क्या प्रयास किए हैं। आप भागे भागे भी दिल्ली हवाई जहाज से जाते रहे हैं। (विघ्न) श्री लछमन सिंह जी आप तो न बोलें क्योंकि आप हमें छोड कर उधर चले गये थे और अब फिर इधर आ गये हैं। आप तो हमें परमाणु ले गये थे। ? (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, ये मेरे गहरे दोस्ते हैं, आडै वक्त के साथी हैं। करनाल की जेल हम दोनों ने इकट्ठी देखी है, भगवान दोबारा ऐसा मौका न दिलाये। ये हमारे आडे वक्त के साथी हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इन्होंने बजट भाशण में फरमाया कि राज्य सरकार के मुख्य प्रयासों में सबसे बडा प्रयास है– सतलुज यमुना सम्पर्क नहर परियोजना का निर्माण करना। यानी सतलुज यमुना के पानी की तरफ बहुत ध्यान देंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, 1981 में एस0वाई0एल0 का एग्रीमैंट हुआ था और श्री भजन लाल

ने कहा था कि दो सालों में नहर पूरी हो जायेगी। ये स्वर्गवासी श्रीमती इन्दिरा गांधी को भलो भलाकर वहां ले गये थे कस्सी मारने के लिये। उसे कहा कि बहन जी, कस्सी मार दारे, हरियाणा में पानी जाना है और हरियाणा के भोले भाले किसानों को कह दिया कि तुम्हें पानी देंगे। 1981 बीता, 1982 बीता, 1983 भी चला गया, 1984 भी दम तोड गया और अब 1985 भुरू हो गया। लेकिन नहर नहीं बनी। अब श्री सागर राम जी हमको समझा रहे हैं कि काम जोरों भोरों से भुरू कर दिया और यह काम सैंट्रल गवर्नमैंट प्रगति का परीवीक्षण बहुत बारीकी से करने के लिये सहमत हो गई है। परिवीक्षण यंत्र माइक्रोस्कोप को कहते हैं। इन्होंने अपने दफ्तरों में माइक्रोस्कोप लगा दिया कि काम हो रहा है। चौधरी भजन लाल जी, माइक्रोस्कोप को तो आप जानते ही होंगे। भायद आपने अपने स्कूलों में, छोटे से छोटे जीव को देखने के लिये लैबोरेटरी में यह यंत्र देखा होगा ?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): हमें तो पता नहीं, आप ही बता दो।

श्री मंगल सैन: आपको पता ही है। मैं आपसे जानना चाहता हूं कि इससे पहले सैन्ट्रल गवर्नमैंट अपनी आंखों पर नीली पटटी बांधे हुए क्यों बैठी रही ? जब इस पार्टी के प्राईम मिनिस्टर के दस्तखत इस एग्रीमैंट पर थे तो अब तक क्यों पानी नहीं ले पाये।

चौधरी भजन लालः नीली नहीं हरी पटटी है डा0 साहब! (हंसी)

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, इस मामले में नम्बर वन पर सबसे बडा मुजरिम मैं सन्ैट्रल गवर्नमैंअ को बनाता हूं जहां कांग्रेस पार्टी का राज था। यहां पर भी ये कांग्रेस आई का दावा करते हैं। अब तो करते हैं, कल तक पता नहीं क्या करेंगे, यह भगवान जाने। डिप्टी स्पीकर साहब, पंजाब में राश्ट्रपति राज है और राज्यपाल उनके हैं, उनका राज है क्योंकि वे हर मामले में दस्तखत करते हैं। सचिवालय में राज्यपाल के सलाहकाचरों की चलती है। इन्हौंने क्या मजाक कर रखा है, क्या प्रतिश्ठा बनाई है। भजन लाल जी, इस कुर्सी पर कई आये और कई चले गये। यहां कोई परमानैक्ंट नहीं बैठा। गोपीचन्द भार्गव आये, श्री भीमसैन सच्चर आये, प्रताप सिंह कैरों आये, राम कि ान आये, चौधरी देवी लाल आये और अब आप आ गये।

चौधरी भजन लालः जाना तो सब ने है!

श्री मंगल सैनः सबने जाना है, यह नि ि चत है लेकिन कुछ के जाइए, नाम कमा के जाइए।

चौधरी भजन लालः इससे फालतू क्या काम करना है कि आपको उधर बैठा रखा हे।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, आप हरियाणा से किसी दूसरी स्टेट में जाएं तो लोग कहते हैं कि आप कहां से

त ारीफ लाये, कहां के रहने वाले हैं। क्या यू0पी0 के हो, बिहार के हो, या राजस्थान के हो ? जब हम कहते हैं कि हम हरियाणा प्रदे ा के हैं तो आगे से वे मुस्कुरा पडते हैं। हम कहते हैं कि क्यों भाई, क्या हमारा रंग ठीक नहीं है ? तो वे कहते हैं कि सब ठीक है, लेकिन और जगह परचून में माल बिकता है, यहां थोक में बिकता है। चौधरी भजन लाल जी, ऐसी प्रतिश्ठा न बनाएं। जिस दिन हरियाणा के साथ अन्याय हो गया हम तो इस्तीफा दे देंगे। हम आपको कहते हैं कि तुम हिम्मत वाली बात करो और आंखों से देखो। अब तो दोनों आंखें भगवान की दया से ठीक हो गई।

चौधरी भजन लालः हम आपके साथ हैं।

श्री उपाध्यक्षः डा0 साहब, आपको बोलते हुए 10 मिनट हो चुके हैं, आप अपनी बात जल्दी जल्दी कहें।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, सारे सदन के लोग यही चाहेंगे कि आप कृपा करके आधा टाईम मुझे ही दे दें। मैं बडे भारी मन से खडा हुआ हूं। मैंने किसी मित्र के अन्तिम संस्कार में जाना है, ज्यादा टाईम नहीं लूंगा। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे भिवानी में मजदूरों के नेता माने जाते हैं, लेकिन इस बजट में मजदूरौं के हित की कोई बात नहीं देखी। पिछले दिनों लेबर कंसीलिए ान के लिये एक मिनिस्टीरियल ट्रिब्यूनल बनाया गया था। इसमें लेबर आफिसर था, वह कई महीने

तक गायब रहा। सारे मजदूर धक्के खाते रहे। इनको पता है, क्योंकि ये लेबर यूनियन की तरफ से पे ा होते रहते हैं।

श्री उपाध्यक्षः पहले जाते होंगे।

श्री मंगल सैनः ये कभी इन्कार नहीं कर सकते कि मजदूरों के नेता नहीं हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि भजन लाल जी, आपने हमारी बात का बडा बुरा मनाया जब हमने हिसार की कुछ चर्चा की कि साहब, हिसार में एक एम0एल0ए0 रहे हैं जो जमीन के बारे में बडी गडबड करते हैं, आपको इतना बुरा नहीं मनाना चाहिए। अब मैं खानों के विशय की ओर आना चाहता हूं। आपके एक पुराने पार्टनर थे। ..... ये खानों के मालिक हैं। दो तीन खाने जिनकी लीज कैंसिल हो गई थी, अब इनको नये सिरे से पटअे पर ले ली गई।

श्री उपाध्यक्षः इनका नाम रिकार्ड न किया जाए।

श्री मंगल सैनः उपाध्यक्ष महोदय, उन खानों के छोटे छोटे हिस्से बना कर लोगों को पटटे पर दिये जा रहे हैं। ये लोग उस इलाके के रहने वाले नही ंहैं। चलों, इलाका कोई भी हो सकता है आदमपुर के आदमी को तो इन्कार नहीं है।

चौधरी भजन लालः वे तो मजदूरी करते हैं।

श्री मंगल सैनः ठीक है, मजदूरी कहीं भी करो, लेकिन मजदूर को लूटने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। इस बात पर

सैंटर में झगडा हो रहा है और बडा सीरियस मामला है। भजन लाल जी इस मामले में अपनी पोजि ान साफ करें। कुछ लोगों ने ऐप्लीके ान्ज दी हैं, उनको खानों की औक ान करने की बजाये अलाट करने जा रहे हैं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात का इल्म नहीं हे। इनके वक्त की बात है। भगतु राम जी वहां से बी0जे0पी0 का कंडीडेट था, उसने खाने ली हैं लेकिन इसकी रिकमैंडे ान इनके वक्त की है।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कबूल करता हूं कि वे हमारी पार्टी के थे, उन्होंने डिफैक्ट नहीं किया है। मैं एक बात कहूंगा क्योंकि मेरा नाम इनके साथ जोडा जाता है। मैंने पता किया है, खानों की अलाटमैंट मैंने नहीं की थी आपकी कलम से हुई थी।

चौधरी भजन लालः आपकी रिकमैंडे ान थी। कायदे के मुताबिक जो आदमी पहले ऐप्लीके ान देता है, उसका नाम देना पडता है और यह सैंट्रल गवर्नमैंट का कानून है। आपके रिकमैंडे ान की थी, हमने कर दिया। हम उसको कैंसिल भी कर सकते थे, लेकिन कैंसिल इसलिए नहीं किया कि भाायद डा0 मंगल सैन कहेंगे कि बी0जे0पी0 का आदमी है, इसलिए इसके साथ ज्यादती कर दी।

श्री मंगल सैनः आप जो कह रहे हैं कि आपने मेरी पार्टी का लिाहज किया इसके बारे में मैं कहूंगा कि आप लिाज न किजिए बल्कि उसे कैंसिल कर दीजिए। हाउस की कमेटी बना दीजिए। (विघ्न)..

श्री उपाध्यक्षः यह हिस्से वाली बात रिकार्ड पर नहीं आएगी।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब,let there be a judicial probe. अब मैं ला एंड आर्डर की तरफ आता हूं। (विघ्न) यह ठीक है पुलिस को रूपया चाहिए। रूपये का बंदोबस्त पूरा होना चाहिए लेकिन इन्हें अलर्ट भी होना चाहिए। पुलिस वालों की स्क्रीनिंग भी होती रहनी चाहिए। ऐसा न हो भजन लाल जी कि अपने ही घर में, अपने ही लान में कोई पुलिस वाला गलत काम कर जाए। सारी बातों का ध्यान करना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, पड़ौसी राज्य में अराजकता होने के कारण उग्रवादियों की गतिविधियों से हरियाणा के ला एंड आर्डर को भी काफी खतरा रहा है। इनको इसका पूरा बन्दोबस्त करना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, ये एक बडे काबिल आदमी की तारीफ कर रहे थे और कह रहे थे कि उस वाईस चांसलर के केस में सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। मैं इन्हें कहना चाहता हूं कि इस बजट का पैसा, हरियाणा के गरीब किसान और मजदूर के

गाढे पसीने की कमाई का पैसा अदालतों में गलत आदमी की सुरक्षा के लिये खर्च नहीं होना चाहिए। (विघ्न)

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं ऐजुके ान बोर्ड की ओर आता हूं इसके बारे में कल के ट्रिब्यून में बडी ताजा तरीन खबर आई हुई थी। उसमें लिखा था कि School Education Board goes down hill. यह भिवानी से खबर थी। It is from Mr. Jatinder Sharma.

श्री उपाध्यक्षः डा0 साहब, इसका काफी रैफरैंस आ गया।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे एक भोले भाले दोस्त को लोकल बौडीज का वजीर बना दिया गया है। ....

श्री उपाध्यक्षः यह बात रिकार्ड पर नहीं आएगी।

श्री मंगल सैनः मैंने तो कोई गलत बात नहीं कही।

श्री उपाध्यक्षः आपकी बात से साफ जाहिर होता है कि आप सरदार प्यारा सिंह जी को रैफर कर रहे हैं।

श्री मंगल सैनः तो डिप्टी स्पीकर साहब, मैं प्रार्थना कर रहा था कि नगरपालिकाओं के चुनाव के बारे में अभी कोई निि चत समय निर्धारित नहीं है। मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि 4 महीने तक तो वार्डज बनेंगे। वार्डज बनने के बाद वोट बनेंगे। इन

चुनावों को जल्दी से जल्दी करवाया जाना चाहिए। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहब, सन 1979 से बार्डज बनने भ्रारू हुए हैं। सन 1984 दम तोड चुका है लेकिन अभी तक चौधरी भजन लाल जी का वायदा पूरा नहीं हुआ क्योंकि चौधरी साहब का वह वायदा ही क्या जो वफा हो जाए। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः डा0 साहब, अब आप वाइन्ड अप कीजिए।

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, आज सारी नगरपालिकाओं में हाउस टैक्स लगा हुआ है। आज चारों तरफ हाहाकार मची हुई है। वीर प्रताप में एक खबर छपी है कि "हाउस टैक्स की नई असैंसमैंट से परे ाानी"। (विघ्न) यह 25 मार्च, 1985 यानि आज के ही अखबार में छपा हुआ है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप जानते हैं कि 'No Taxation without representation' का एक सिद्धान्त है। जहां नगरपालिका ही नहीं है, जहां नगर के रहने वाले लोगों को रिप्रैजैन्टे ान नहीं मिलता, चुनाव का मौका नहीं मिलता, वहां अनाप ानाप टैक्स बढ रहे हैं, हाउस टैक्स बढ रहा है, लेकिन पीने के पानी के लिये हाहाकार मची हुई है। मेरे भाहर को तो इन्होंने जान बूझ कर नर्क में डाल रखा है। बडी कहा सुनी करके इनसे मंजूर करवाया है। आज से तीन साल पहले स्कीम मंजूर हुई थी। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः वहां काम तो भ्रारू है।

श्री मंगल सैनः काम कुछ कुछ भ्रारू है।

चौधरी भजन लालः धन्यवाद तो कर दो।

श्री मंगल सैनः आपका धन्यवाद जरूर करूंगा लेकिन मौका आने पर। काम जब पूरा हो जाएगा तो धन्यवाद कर दूंगा। जब तक काम पूरा नहीं होता तब तक धन्यवाद कैसे कर सकता हूं ? (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने बीस सूत्री प्रोग्राम बना रखा है। कहते हैं कि बीस सूत्री प्रोग्राम में जनता के विकास का मुद्दा है। अगर उसमें सचमुच जनता के विकास की बात है तो इन्हें उनमें सबको भाामिल करना चाहिए लेकिन बीस सूत्री प्रोग्राम के जो इन्होंने चेयरमैन लगाए हैं, वे अफसरों के लिए लिए फिरते हैं वे एक हारे हुए एम0एल0ए0 हैं। वे अपनी प्रतिश्ठा जमाने के लिए ऐसा करते हैं। फिर इन्होंने एक ग्रिवैन्सिज कमेटी बना रखी है। लेकिन उसमें भी ये किसकी ग्रिवेन्सिज सुनते हैं ? अपनी ही पार्टी की लोगों की। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः आप तो उसमें हो।

श्री मंगल सैनः मैं तो हूं। एम0एल0ए0 तो उसमें है लेकिन इसमें आपकी क्या मेहरबानी है ? मैं तो एम0एल0ए0 होने के नाते से उसमें हूं। एम0एल0ए0 को तो आप लेंगे ही। हमारी पार्टी का वर्कर उसमें नहीं है। (विघ्न) मेरा कहना है कि असैम्बली में आने वाली हर पार्टी का नुमायंदा उसमें होना चाहिए और उसे वहां अपनी बात कहने का मौका मिलना चाहिए।

Mr. Deputy Speaker: Dr. Sahib, now please resume your seat.

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, बातें तो बहुत करनी थीं लेकिन कुछ तो आपकी घंटियों ने परे ान कर दिया और कुछ मैं भी जाने की जल्दी में हूं लेकिन अन्त में मैं इतना कहना चाहता हूं कि यह बजट बिल्कुल पास नहीं होना चाहिए क्योंकि आज जनता के लिये बडी जहमत का मामला हो गया है। पहली मार रेलवे बजट ने मारी है, दूसरी मार सैन्ट्रल बजट ने मारी है और तीसरी मार सागर राम गुप्ता जी ने चला दी। कटार सिंह जी ने तो अपनी कटार नहीं चलाई लेकिन इन्होंने कुल्हाडा चला दिया। इन भाब्दों के साथ मैं इस बजट का विरोध करते हुए बैठता हूं।

बहिन भाान्ति देवी (करनाल): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री महोदय ने सन 1985—86 का बजट पे ा किया। इस बजट के समर्थन में मैं इतना ही कहूंगी कि यह बजट बडी ही सूझ बूझ तथा पैनी दृश्टि का प्रयोग करके दूरदर्िातास के साथ तैयार किया गया है। इसमें एक दो कर भी लगाये हैं परन्तु ढेर सारी सुविधायें भी दी हैं जो आम जनता के लिये हैं। बजट अगले वर्श की अनुमानित आय को लेकर ही तैयार होता है और उसी अनुमानित आय के अनुसार अनुमानित व्यय होता है और उसका आधार पिछले वर्श की वास्तविक आय और व्यय होता है इसलिए उसमें कमी या कोई त्रुटि रहने का सवाल ही नहीं रहता।

इसलिये यह बजट सही, दुरूस्त और आम जनता के लिये लाभकारी है। हमारा दे ा विकास ील दे ा है। इसलिये विकास ील दे ा में बचत का बजट बनाना सम्भव नहीं तो कठिन जरूर होता है। इस कारण यह प्रदे ा का भी घाटे का बजट है क्योंकि किसी भी विकास ील दे ा और प्रदे ा के लिये बडी बडी आ ाायें और आकांक्षायें होती हैं। उनकी उन्नति और प्रगति के लिये प्रावधान रखना होता है। इस दृश्टि से भी घाटे का बजट रखने की परम्परा चलती ही रहती है ताकि हमारा प्रदे ा धनधान्य पूर्ण और सम्पन्न हो। नागरिकों को सभी सुविधायें जुटाने का प्रयत्न सरकार की ओर से होता है ताकि सभी लोग प्रेम एकता और भाान्ति से रह सकें। हमारे प्रदे ा ने सारे दे ा के प्रदे ाों की अपेक्षा अधिक उन्नति करके एक मिसाल पे ा की है। आजादी के बाद भाुरू से ही दे ा की प्रगति योजनाबद्ध तरीके से भाुरू की गई। पहले पांच पंचवर्शीय योजनायें बनायी और अब यह छठी पंचवर्शीय योजना भी खत्म होने जारही है। यह छटी योजना सबसे महत्वपूर्ण आकांक्षाओं की योजना थी। इसमें गरीबी, बेरोजगारी और अ ाक्षिता को दूर करने के सारे प्रयत्न और प्रयास रखे गये थे। इस योजना के दौरान जो चहुंमुखी विकास सभी क्षेत्रों में हुआ है, वह किसी से ओझल नहीं है लेकिन पूरा काम तो कभी किसी भी विकास ील दे ा या प्रदे ा में खत्म नहीं हो सकता और आगे बढने की कामना और आकांक्षा चलती ही रहती है। यह बात सभी भाई जानते हैं कि हमारे प्रदे ा में प्रत्येक व्यक्ति की आय बढी है और गरीबी की लाईन से नीचे वाले परिवारों की संख्या

घटी है वैसे महंगाई में मूल्य बढते रहे हैं उसके कारण कुछ कमियां भी रह जाती हैं। इस बजट में और भी बहुत सी सुविधायें सरकार कर्मचारियों को दी गई हैं। जन साधारण के लिये उचित मूल्य की दुकानें खोल कर लाभ पहुंचाने का प्रयत्न किया गया है और प्रदे ा विकास की ओर भी बढा है। लोगों को काफी सुख सुविधायें प्रदान की गई हैं। हमारी सरकार बिजली और कृशि के क्षेत्र में भी लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिये पूरा प्रयत्न और प्रयास कर रही है। दादुपुर में पन बिजली परियोजना और यमुना नगर में ताप विद्युत परियोजना भुरू होगी। इनके चाले हो जाने से हमें बिजली मिलेगी और हमारी सिंचाई की सुविधायें भी बढेंगी। हमारा प्रदे ा कृशि प्रधान प्रदे ा है इसलिए अच्छे खाद और अच्छी कृशि योजनाओं की आव यकता है ताकि लोग उन्नत तरीके से खेती करके अपनी आय के साधन बढा सकें। इसलिये किसानों के ज्ञानवर्द्धन के लिये पत्र पत्रिकायें निकाली जा रही हैं और खेती के उन्नत तरीके सिखाने के लिए प्र िाक्षण कैम्प लगाए जाते हैं यह हमारे दे ा और प्रदे ा में कृशि के क्षेत्र के लिये बहुत ही उन्नति का तरीका है।

डिप्टी स्पीकर साहब, अभी बात हो रही थी कि हमारे यहां पीने के पानी की और सिंचाई के पानी की कमी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि पानी की कमी है लेकिन सतलुज यमुना सम्पर्क नहर परियोजना को चलाने का प्रयत्न जोरों से हो रहा है ताकि लोगों को पानी मिल सके और दे ा में हरियाली आ सके।

इस बजट में यह भी एक घाटे की मद का कारण है। उसके लिये हमें केन्द्र से सहायता मिल गई तो वह घाटा पूरा होने की आ ाा है।

डिप्टी स्पीकर साहब, बाढ का प्रबन्ध करने के लिये भी नाला नम्बर आठ की क्षमता बढाई जा रही है ताकि लोगों की फसल का नुकसान न हो और गेहूं, कपास, चावल और गन्ना अधिक से अधिक मात्रा में उत्पन्न हो। जहां हमारी सरकार ने बाढ को रोकने के लिए प्रबन्ध किया है उसके साथ साथ लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए फल और सब्जी उगाने पर जोर दिया है। इसलिये इस बजट में उसके लिए पैसे का प्रावधान किया गया ताकि लोगों को अच्छा भोजन और सुख सुविधायें मिल सके। खेती करने वालों की आय भी बढ सके और कमजोर वर्गों की अवस्था भी सुधर सकें। इसी प्रकार से कमजोर वर्गों की अवस्था सुधारने के लिये मछली पालन, सुअर पालन, मुर्गी पालन और प ा पालन के लिये पैसा रखा गया ताकि वे भी अपनी आय बढा सकें। चिकित्सा और स्वास्थ्य के बारे में सरकार की ओर से पूरी देखरेख की जा रही है। बाकी जो भूमिहीन किसान और अन्य लोग हैं उनकी द ाा सुधारने के लिये रोजगार की गारन्टी के अनुरूप सौ दिन काम देकर गरीबों को सहयोग दिया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, उद्योग भी हमारे प्रदे ा की प्रगति का बहुत बडा आधार है। उद्योगों की सफलता के कारण ही परिवहन, संचार चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों ने उन्नति की है। इन सबकी प्रगति का

श्रेय उद्योगों को ही है लेकिन इन उद्योगों से जो प्रदूशित और दुर्गन्धपूर्ण पानी निकलता है उसके लिये जो रा ि ा रखी गई है उसमें और पैसे का प्रावधान जरूरी है क्योंकि उससे स्वास्थ्य पर दुश्प्रभाव पडता है, मनुश्यों के रोगी होने की सम्भावना रहती है उद्योगों में लगने वाले लोग धन के विशय में ही सोचने लगते हैं। वे मानव की सेहत के बारे में कम और धन के विशय में ही अधिक चिन्तित रहते हैं। इन उद्योगों के ऊपर जो भी कर्मचारी या अधिकारी निरीक्षण या देखभाल करते हैं, उन्हें ऐसी बातों का ख्याल रखना चाहिए कि जो वहां पर काम करने वाले कर्मचारी, अधिकारी हैं उनकी सेहत का ख्याल रखें। दूसरे वे सच्चाई, ईमानदारी, उदारता और दया की भावना अपने अन्दर रखें ताकि गरीब मजदूरों से अमीर लोग एक तरह से दूसरे मनुश्य को मनुश्य समझ कर काम लें।

सरकार ने सडकें भी एक गांव से दूसरे गांवों में मिलाई हैं और भाहरों और मंडियों से मिलाना भी बहुत जरूरी है। जहां पर सडकें नही बनी हैं वहा ंसडकें बनायी जायें और सडकों की मुरम्मत के लिये भी पैसे का प्रावधान रखा जाना चाहिये। और जहां सडकें नहीं बनी हैं वहां के लिए भी प्रावधान रखा जाना चाहिए।

चौधरी बलबीर सिं ग्रेवालः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। बहिन जी की भाायद सरकार बात मान जाये। जिस प्रकार से पंजाब में व्हीट पर बोनस दिया है, उसी प्रकार यहां हरियाणा में

भी दे दिया जाये, यह बात भी बहिन जी कह दें तो उनकी बात को भाायद सरकार मान लें यह किसानों के हित में है।

बहिन भाान्ति देवीः सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है। जो बात आपको सूझती है वह, आप कहें या जो मुझे सूझती है वह मैं कहूंगी। आप इस बारे में कह सकते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे दे ा और प्रदे ा में हर मनुश्य का ि ाक्षित होना बहुत जरूरी है क्योंकि ि ाक्षा से जहां भाारीरिक विकास होता है, वहां मानसिक विकास व आत्मिक विकास भी होता है। इसके अलावा सामाजिक विकास भी होता है। उससे सोच विचार, आचार विचार और व्यवहार अच्छा बनता है। जीवन में नैतिकता आती है। बोल चाल, रहन सहन व एक दूसरे के काम आने की भावना बढती है। इसलिये स्कूल अव य ही अधिक से अधिक होने चाहियें। मेरी सरकार से प्रार्थना यह है कि भाहरों में प्राईमरी स्कूलों की ओर ध्यान देने की बहुत ज्यादा जरूरत है क्योंकि उनके लिये न तो भवन ही हैं और न ही उनमें बच्चों के बैठने के लिये अच्छा सामान उपलब्ध होता हैं भाहरों में केवल वे ही बच्चे इन स्कूलों में जाते हैं जो बेहद गरीब होते हैं। चूंकि इनमें वर्दी या पुस्तकों आदि की सहायता दी जाती है इसलिए वे बच्चे वहां पर आते हैं। हालांकि प्राथमिक ि ाक्षा सारी पढाई का आधार है इसलिये सबसे बढिया प्रबन्ध प्राईमरी स्कूलों में चाहिए। गांवों के स्कूलों के बारे में मैंने कई बार देखा है कि बच्चों की हाजरी बहुत कम होती हैं। केवल ये चीजें जो उनको दी जाती हैं लेने के

लिये ही बच्चे वहां पर पहुंचते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके बाद मैं चिकित्सा केन्द्र और अस्पतालों के बारे में, वि ोशकार करनाल के अस्पताल के बारे में जरूर कहना चाहूंगी। मेरा कहना यह है कि करनाल का अस्पताल बहुत पुराना है और इसको जल्दी से जल्दी नया बनवायें और इसी बजट में उसके पूर्ण निर्माण के लिये प्रावधान रखें। इसके लिये मैं मुख्य मंत्री महोदय से नम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहती हूं कि सिविल हस्पताल करनाल जल्दी से जल्दी बनावाया जाये। इसके अलावा, मैं सफाई कर्मचारियों के बारे में यह कहना चाहती हूं कि इनको सुविधायें देने के लिए ज्यादा पैसा रखा जाये ताकि उनको मल उठाने में सुविधा हो सके। उनको इस सुविधा हेतु रेहडियां आदि मिलनी चाहियें। आप जानते हैं कि भाहर बहुत दूर तक फैल गया है। वहा ंपर कहीं पर भी नजदीक मल फैंकने के लिये जगह नहीं है। वे लोग गलियों में डाल देते हैं और नालियों में ही डाल देते हैं जिससे वहां पर गन्दगी फैली रहती है। हरिजनों की, भूतपूर्व सैनिकों की और भूतपूर्व सैनिकों की विधवाओं की सहायता के लिये भी इस सरकार ने बहुत अच्छे काम किये हैं। 20 सूत्री कार्यक्रम भी अच्छा चल रहा है। इसके अलावा, जो टैक्स यहां पर लगाए गए हैं, उनके बारे में मैं यह कहना चाहती हूं कि सरकार को कोई दान तो देता नहीं उल्टे सरकार से अनुदान लेते ही हैं। इसलिये सरकार के लिये टैक्स लगाना बहुत जरूरी है। टैक्स लगाए बिना काम चल ही नहीं सकता। लेकिन सरकार को टैक्स भी सही सही लगाने चाहियें। जो टैक्स आलरेडी लगे हुए हैं, उनकी स्ट्रिक्टली वसूली होनी

चाहिये क्योंकि जैसे इन्कम टेक्स है या कोई भी दूसरा टैक्स है, लोग आजकल बहुत होि ायार बन गए हैं और देते नहीं हैं। जो वकील होते हैं, इन्कम टैक्स एक्सपर्टस होते हैं, वग कोई न कोई टैक्स बचाने का तरीका निकाल ही लेते हैं। इस वजह से स्टैट को टैक्स मिलता ही नही ंहै। अभी बसों पर सवा पैसा प्रति किलोमीटर के हिसाब से किराया बढाया गया है। मुझे पता है कि हमारे यहां से दिल्ली का किराया सन 1939–40 में सिर्फ एक रूपया लगता था। 1960–61 में दो रूपया हो गया लेकिन अब यह किराया 12 रूपया के तलगभग हो गया है। देखने की बात यह भी है कि आजकल सुविधायें भी बढी हैं। आय के साधन भी बढे हैं इसलिये किराया बढाना भी स्वाभाविक ही है क्योंकि हम तो यह चाहते हैं कि जन साधारण की आमदनी बढनी चाहिए। इतनी आमदनी जरूरी होनी चाहिये जिससे प्रदे ा में विकास के काम हो सके। भाराब के उपर जो टैक्स लगाया गया है इसके बारे में मैं यह कहती हूं कि यह बे ाक और ज्यादा लगाया जाये। यह तो बहुत ही बुरी आदती है। हमारे समय में बहुत कम लोग ऐसे हुआ करते थे जो भाराब पीया करते थे। लेकिन आज उनकी संख्या काफी बढ गयी है। मैं यह चाहती हूं कि इस बुराई को टैक्स लगाकर या किसी और तरीके से अव य ही प्रदे ाों से दूर किया जाये। डिप्टी स्पीकर साहब, यही नहीं, बजट में काफी लोगों को राहत भी दी गयी है। तन्दूर वालों और ढाबे वालों को भी टैक्स से राहत दी गयी है। बस का यात्री अब अपने ठिकाने पर पहुंच कर या बीच में भी सस्ती रोटी खा सकेगा। बहिनों द्वारा पहनने वाली चूडियों में भी

टैक्स की रियायत दी गयी है। पैंसिलों पर टैक्स की रियायत देकर भी लोगों को राहत दी गयी है। टेक्स परपजिज के लिये व्यापारियों को भी 25000 से बढा कर 100000 रूप्ये तक की टर्न ओवर अलाऊ की गयी है। कृशि में प्रयोग होने वाले पम्पिंग सैटस के लिये भी राहत दी गयी है। बायोगैस प्लांट में प्रयुक्त होने वाले संयंत्राों पर भी टैक्स से छूट दी गयी है। मैं करनाल के भाईयों की ओर से अपनें मुख्यमंत्री जी से एक नम्र निवेदन करना चाहूंगी कि जो बर्नर्ज बायो गैस के काम ही आते हैं और किसी दूसरे काम नहीं आते हैं, अगर सरकार उनके ऊपर टेक्स की छूट दे दे तो बडी मेहरबानी होगी। डिप्टी स्पीकर साहब, चक्की वालों के लिये डेढ सौ क्विंटल गेहूं से बढाकर सीमा 300 क्विंटल की कर दी गयी है। यह चक्की वाले जरूरत मन्द आदमियों को ठीक आटा दें, हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा ताकि यह लोग हमारी इस रियायत का दुरूपयोग न कर सकें। इन भाब्दों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करती हूं। धन्यवाद!

चौधरी मांगे राम (बहादुरगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, वित्त मंत्री ने जो बजट इस हाउस में पे ा किया है, उससे हरियाणा के आम आदमी को चोट लगी है। बसों के किराये बढाये हैं। बिजली के रेट बढाये हैं। इनके सिवाये लोगों को कुछ नहीं दिया है। पिछले साल के बजट में दी गयी राहत के अलावा कुछ नहीं किया गया है। हरियाणा में आज लगभग 5 लाख के करीब नौजनवान बेरोजगार हैं। पिछले साल डिप्टी स्पीकर साहब, रोहतक

कोआप्रेटिव बैंक में 53 लोगों की भरर्ती की गई। आप यह जानकार हैरान होंगे कि रोहतक जिले का एक भी लडका उनमें नहीं लिया गया। इसके बजाये उसमें ऐसे लोगों को भरती किया गया जिन्होंने दरखास्तें भी नहीं दे रखी हैं या जो मौके पर इन्टरव्यू के लिये भी नहीं आये थे। डिप्टी स्पीकर साहब, इससे ज्यादा रोहतक जिले के साथ अन्याय क्या होगा ? आज सारे हरियाणा का किसान दु:खी है लेकिन रोहतक जिले का किसान बहुत ज्यादा दु:खी है। इस जिले ने दे ा की रक्षा के लिये हजारों लाखों नौजवान न्यौछावर कर दिये, लेकिन आज वहां के लोग बिजली और पानी के लिये तरसते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे हल्के बहादुरगढ में तहसीलदार ने सरेआम लूट मचा रखी है। यह वही तहसीलदार है जिसको चौधरी बंसी लाल नें अपने टाईम में जेल भिजवाया था। (**इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य श्री ए0सी0 चौधरी पदासनी हुए**) 10–15 साल सस्पैंड रहने के बाद बहाल होकर अब यह बहादुरगढ में लगा हुआ है और अपने आपको चौधरी भजन लाल का दोस्त बताता है। (व्यवधान व भाोर) .....

श्री सभापति: यह नाम रिकार्ड न किया जाए।

चौधरी मांगे राम: चौधरी साहब, मैं कभी भी सदन में झूठ नहीं बोलता बे ाक आप मंदिर में ले जाकर मुझे कसम उठवा लें। चेयरमैन साहब, यह तहसीलदार रजिस्ट्री पैसे लेकर करता है। लोगों को कहता है कि मुझे इतना पैसा दो तक करूंगा। किसी से

500 किसी से 400 रूपये लेकर रजिस्ट्री करता है। इसी तरह से दाखिल खारिज के वक्त भी कोई न कोई अडंगा लगा देता है, अगर इसको पैसा न दिया जाये। अगर पै।सा दे दिया जाये तो सब ठीक हो जाता है। चेयरमैन साहब, इसी तरह से हमारे यहा ंकी म्यूनिस्पिल कमेटी का सैक्रेटरी भी सरेआम लूट रहा है। भाहर में कमेटी कै दफतर के साथ कमेटी की बहुत ही कीमती जमीन थी। उस आदमी ने 10000 रूपये लेकर पिछले सप्ताह जिस आदमी का वहां पर खोखा थसा, उसकी पक्की दुकान बनवा दी। इसी सैक्रेट्री ने वाटर वर्कस के ऊपर 70 भाी ाम के दरखत लगाए हुए थे। उनको 40 हजार रूपये का बेच दिया जबकि कमेटी के रिकार्ड में केवल 8000 रूपये के बिके हुए दिखाये हैं। इसी तरह से चेयरमैन साहब, सब्जी मंडी के प्लाटस तो खत्म हो गए थे लेकिन उसके साथ ही हाई स्कूल की जमीन थीं, उसने उसमें 4 प्लाट के लाइसैंस जाली तौर पर जारी कर दिये। यही नहीं, इस सैक्रेट्री के बारे में बहुत सी बाते हैं, जो आब्जैक ानेबल हैं। वह दिन में दफतर में भी भाराब पीये रहता है। एक दिन जब मेरे भाहर के अखबार वाले उससे मिलने के लिये गये तो वह बुरी तरह से डाउन था, उसने उनको बाहर भगा दिया। जब हम कहते हैं कि भाई, ऐसा न करो तो वह उल्टा पुलटा बोलता है। (व्यवधान व भाोर)

17.00 बजे।

चेयरमैन साहब, मेरे हल्के के स्कूलों में फ र्ज़ नहीं है जिन पर बच्चे बैठ सकें। मास्टरों के लिये कुर्सी नही ंहैं और बच्चों के लिये पीने का पानी नहीं है। बच्चे पीने का पानी घर से ले जाते हैं। चेयरमैन साहब, चारों तरफ लूट मच रही है। चेयरमैन साहब, मेरे हलके में अस्पतालों को बहुत बुरा हाल है। पिछले हफते सी0एम0ओ0 ने प्राईवेट दुकानों पर रेड किया था और वहां पर अस्पतालों की दवाईया पकडी गई थी। उन दुकानदारों का चालान हुआ था। चेयरमैन साहब, इस सरकार ने बसों का किराया तो बढा दिया लेकिन जितनी पुरानी बसें हैं वे रोहतक डिपो को दे रखी हैं। उन बसों का हाल यह है कि वे अपना सफर पूरा तय नहीं कर पातीं और रास्तें में ही खडी रह जाती हैं। चेयरमैन साहब, बहादुरगढ जी0टी0 रोड पर दिल्ली के नजदीक है और यह बहुत बडा कस्बा है। वहां पर केवल बस स्टैंण्ड बना हुआ है। अपोजी ान का मैम्बर होने की जवह से वहां पर सब डिपो नहीं बनाया जाता। अगर वहां पर सब डिपो बन जो तो लोगों को काफी सहूलियत हो जाए। चेयरमैन साहब, इस सरकार ने बिजली के रेट तो बढा दिये लेकिन बिजली मिलती नहीं है। मेरे हलके में नांगलाई और नजफगढ जगहों से सत्तर फीसदी इंडस्ट्रीज बिजली न मिलने के कारण बाहर चली गई हैं। मेरे हलके के साथ बहुत अधिक भेदभाव किया जा रहा है। इसका कारण यह है कि 1982 के इलैक ान में रोहतक जिले की दस सीटों में से नौ सीटों पर अपोजी ान ने कांग्रेस को चोट मारी थी। चेयरमैन साहब, अन्त में मैं सारे सदन से प्रार्थना करूंगा कि इस बजट को पास न करें।

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला कैन्ट): आदरणीय चेयरमैन साहब, श्री सागर राम गुप्ता, वित्त मंत्र,ी, हरियाणा ने 20 मार्च को जो वर्श 1985–86 का बजट पे ा किया है मैं उसका समर्थन करता हूं। (व्यवधान व भाोर) मैंने तो कभी दल बदला नहीं है। आप लोगों में तो ऐसे लोग बैठे हैं जिन्होंने पांच पांच बार दल बदला है। (ाोर एवं व्यवधान) चेयरमैन साहब, हर सैसन में इनका लीडरा दल बदलता है और हर सै ान में नया नाम होता है। चेयरमैन साहब, श्रीमती इन्दिरा गांधी जी की मृत्यु पर सारी दुनिया ने काफी अफसोस जाहिर किया जिसका अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता। उनकी मृत्यु से दे ा को इतना बडा नुक्सान हुआ है कि उनकी वह कमी पूरी नहीं की जा सकती है। लेकिन ये अपोजी ान वाले उनके साथ भी कुछ जोड देते हैं। (ाोर एवं व्यवधान) मौत और मातम के मामले में तो भाांति रखनी चाहिए। चेयरमैन साहब, श्रीमती इन्दिरा गांधी के काम की जितनी तारीफ की जाये उतनी थोडी है। (ाोर एवं व्यवधान) चेयरमैन साहब, उनकी मौत के साथ एक भाानदार पीरियड खत्म हो गया।

प्रो0 सम्पत सिंह: चेयरमैन साहब, बहुत ही मजाक में इनको बात को नहीं लेना चाहिए। ये बहुत ही सीनियर मैमबर हैं। इनको बजट पर बोलना चाहिए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री सभापति: आप लोग भाांति रखें और इनकी बात को सुनें। मैं समझता हूं कि मैं हाउस की प्रोसीडिंग्ज को कंडक्ट कराने में पूरी तरह सक्षम हूं।

सेठ राम दास धमीजाः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि श्रीमती इन्दिरा गांधी की मौत के साथ एक भाानदार युग खत्म हो गया। हमारे दे ा की खु ा किस्मती है कि दे ा की समझदार जनता ने पूरी समझदारी से नौजवान प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी को चुन कर अपनी समझदारी का सबूत दिया और अपोजी ान के मुंह पर ऐसी चपत मारी है जिसका जवाब मिलना मु कल है।

एक आवाजः चेयरमैन साहब, चपत का भाब्द ऐक्सपंज होना चाहिए।

श्री सभापतिः किसी का नाम नहीं लिया गया। मेरे ख्याल में यह लफज कोई अनपार्लियामैंटरी नहीं है।

सेठ राम दास धमीजाः चेयरमैन साहब, कांग्रेस पार्टी को या प्रधान मंत्री को आज तक इतना बहुमत नहीं मिला जितना की आज मिला है। सातवीं पंचवर्शीय योजना की भाुरूआत एक युवा प्रधान मंत्री की लीडर ाप में हुई है। चेयरमैन साहब, अभी चन्द रोज पहले भारत सरकार का बजट आया है और हर तबके ने इस बजट की तारीफ की है। (ाोर एवं व्यवधान) अपोजी ान वाले अपने बारे में सोंचें। चेयरमैन साहब, प्राइम मिनिस्टर ने और कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के समय जो वचन जनता को दिया था और कांग्रेस पार्टी नें जो कुछ अपने मैनिफैस्टों में कहा था उसको पुरा करने के लिए पार्टी और प्रधान मंत्री वचनबद्ध है और उसको

अव य पूरा किया जाएगा। भारत सरकार के बजट को एक बहुत ही बढिया बजट कहा जा सकता है। (ोर एवं व्यवधान)

श्री सभापतिः मैं समझता हूं कि आप लोग काफी हयूमरस मूड में हैं। मैं चाहूंगा कि आप कृपया सुनने की कृपा करें।

सेठ राम दास धमीजाः चेयरमैन साहब, हरियाणा सरकार ने फी आदमी की आमदन में वृद्धि की है। चार साल में 61 परासैंट की बढौतरी हुई है। चेयरमैन साहब, छठी योंजना जो 1980–85 तक थी और जिस पर 1800 करोड रूपया खर्च होना था और उस पर अन्दाजन 1638 करोड रूपया खर्च होंगे इनमें से कुदरती आफतों के कारण योजना स्कीमों पर 35 करोड रूपए खर्च हुए हैं। सिंचाई विभाग पर तथा बिजली पर 966 करोड रूपया खर्च किया गया है जो कि योजना खर्च का 59 परसैंट है। इससे 3.52 लाख हैक्टेयर जमीन पर सिंचाई बढी है और टयूबवैल्ज की तादाद लगभग एक लाख बढ गई है और बिजली की पैदावार लगभग 362 मैगावाट बढी है। चेयरमैन साहब, फिर भी बिजली की कमी है इसमें कोई भाक की बात नहीं है। हरिजन और पिछडी जातियों और गरीबी की लाइन से नीचे के लोगों की बेहतरी की खास ध्यान रखा गया है और तकरीबन 16.5 करोड रूपया का योजना खर्च किया गया है।

चेयरमैन साहब, हरियाणा की जनता की तरक्की की स्कीमों के लिये सातवीं पंचवर्शीय योजना में 3200 करोड रूपये का अनुमान बनाया गया है। आप ही सोचें कि इस सरकारव की स्कीमों से कितने गरीबों, किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों को राहत मिलेगी। राज्य सरकार ने सातवी पंचवर्शीय योजना में जो आदे ा दिये हैं उसके अनुसार हरियाणा सरकार ने काम करवना आरम्भ किया है। और हरियाणा में खु ाहहाली लाने के लिये सभी प्रकार के साधन जुटाने के प्रबन्ध (जैसे कि सिंचाई, बिजली, इंडस्ट्रीज आदि) इस सरकार ने किये हैं। और इस तरफ खास तवज्जो दी गयी है ताकि लोगों को इससे राहत मिल सके। लोगों की तरक्की के साथ साथ पीने के पानी की भी सुविधा लोगों को दी गयी है। जहां तक एस0वाई0एल0 का ताल्लुक है। इस बारे में आई0पी0एम0 साहब ने पहले ही तफसील के साथ बता दिया है। मैं आपको बताता हूं कि मैं 23–3–1985 को ननयोला के पास कपूरी गांव में होकर आया हूं और अपनी आंखों से नहर खुदती देख कर आया हूं। वहां पर काम जोरों से हो रहा है। इन अपोजी ान के भाईयों का तो चेयरमैन साहब, काम ही यही है कि हर वक्त सरकार की यूं ही फिजूल में आलोचना करना। वहां पर एक रूडकी गांव है, वहां पर बुल्डोजर चल रहे हैं, और जमीन को साफ और बराबर कर रहें हैं। काम नहर काच चल तो रहा है लेकिन जिस रफतार से होना चाहिये भाायद उस रफतार से वह काम नहीं हो रहा है। इस ओर सरकार को और ध्यान देना चाहिये। यह जो एस0वाई0एल0 है, यह हरियाणा

के लिये एक वरदान है। (ाोर) चेयरमैन साहब, मैं इन अपोजी ान के भाईयों से यह कहना चाहता हूं कि अढाई साल पहले जब इनके चीफ मिनिस्टर थे, इनकी सरकार थी और उधर श्री प्रका ा सिंह बादल चीफ मिनिस्टर थे, दोनों आपस में सगे भाई थे, उस वक्त उन्हों ने इस नहर के बारे में कुछ नहीं सोचा। अगर उन्हों ने अढाई साल के वक्फे में इस नहर के बारे में कोई काम किया होता तो ये आज बात करने के काबिल होते। आप हमारे चीफ मिनिस्टर और अपने चीफ मिनिस्टर से तुलना करके तो देखों जितना काम अब चौधरी भजन लाल की रहनुमाई में हरियाणा की तरक्की का हो रहा है उतना आपके वक्त में क्या हुआ था। यूं ही यहां दखल अन्दाजी करने का क्या फायदा ? कोई ठोस काम करके तो दिखाते जितना कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने किया है और कर रहे हैं। मैं तो यह कह सकता हूं कि वर्ल्ड बैंक ने जो रूपये हमें नहरे ंपक्की करने के लिये दिये हैं।, उनसे काम तसल्लीबख्भा चल रहा है। 1983 में 25 करोड वर्ग फुट नहर पक्की करनी थी उसमें से 8.6 करोड मुरब्बा फुट को पक्का करने का काम पूरा हो गया है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंळः चेयरमैन साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि जिस बजट स्पीच को वित्त मंत्री महोदय पहले यहां हाउस में पढ चुके हैं उसका क्या कोई दूसरा मैम्बर दोबारा पढ सकता है ?

श्री सभापतिः रूल्ज के मुताबिक यहां इस तरह की कोई मनाही नहीं है। He can make out his points by referring to the Budget speech.

श्री वीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, जो आंकड़े इस किताब में दे रखे हैं उनको ये पैरावाईज पढ कर रिपीट कर रहे हैं। आप कृपया टाईम का भी ध्यान रखें आपने बाकायदा तौर पर हर मैम्बर के लिये टाईम अलाट किया हुआ है। आप यह बता दें कि आप ने हरेक मैम्बर को कितना कितना टाईम अलाट किया हुआ है और इनको बोलने के लियें कितना टाईम अलाट कर रखा है ?

श्री सभापतिः इनके लिये 15 मिनट का समय अलाटा किया हुआ था। 12 मिनट धमीजा साहब बोल चुके हैं तीन मिनट इनके और रहते हैं। जहां तक इनके बोलने का सम्बन्ध है, किसी चीज की रेफरैंस के लिये अगर ये किसी बात को दोबारा कोट करते हैं, तो इसमें कोई मनाही नहीं है। धमीजा साहब, आप बोलें।

सेठ राम दास धमीजाः सभापति महोदय, मैं कह रहा था कि बाढ से लोगों को बचाने के लिये इस साल 14 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। मैं इनको तजवीज देता हूं कि अगर अम्बाला छावनी को फलड से बचाना है तो इसके लिये और पैसे का प्रावधान रखा जाना चाहिये। इस तरफ सरकार तवज्जो दे। इस काम के लिये इतना थोडा पैसा रखा जाना। हरियाणा के

लोगों के लिये हितकर नहीं है। इसलिये इस रा ि ा को और बढाया जाए।

इससे आगे मैं यह कहना चाहता हूं कि बिजली की पैदावार को बढाने के लिये अच्छे अच्छे तरीके अपनाये जाने चाहियें जिससे 220 मैगावाट बिजली का उत्पादन बढ पाएगा। यहां अम्बाला भाहर और छावनी में तकरीनब 7 हजार के लगभग छोटी छोटी इंडस्ट्रीज हैं, इनको बचाने के लिये बिजली की सप्लई बहुत आव यक है और इसके लिये सरकार को नये नये तरीकों को अपनाना चाहिये ताकि बिजली का उत्पादन ज्यादा हो सके और इंडस्ट्रीज को भी बचाया जा सके। हरियाणा का टोटल ऐक्सपोर्ट का वन थर्ड अम्बाला जिला ही कवर करता है। इसके अनुसार इंडस्ट्रीज के लिये ज्यादा बिजली का दिया जाना हमारा हम भी बनता है।

श्री सभापतिः धमीजा साहब, आपका समय हो रहा है। आप वाइंड अप करें।

सेठ राम दास धमीजाः चेयरमैन साहब, अम्बाला की डिवैल्पमैंट के दो आधार हैं। एक मिल्टरी और दूसरा साईंस इंस्ट्रूमैंटस का बनाया जाना। अगर हमारे इलाके को बिजली की सप्लई कम होगी तो काम भी कम होगा और वहां की रौनक आधी रह जाएगी।

अगले वर्श के दौरान 2500 बायोगैस संयन्त्र लगाने का सरकार का विचार है और बर्नर्ज पर टैक्स लगाने की भी व्यवस्था है। यह टैक्स नहीं होना चाहिये। बर्नर्ज जो होते हैं, वे बायोगैस का दिल होते हैं। इस तरफ सरकार को तवज्जो देनी चाहिये।

सरकार की तरफ से प ुपालन, मछली पालन तथा डेरी विकास परियोजनाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। यह बडी प्रसन्नता की बात है। गांवों के विकास कार्यक्रम के लिये 88700 परिवारों को सहायता प्राप्त होगी। इस तरह के बहुत सारे काम हमारी सरकार कर रही है। मरूभूमि और सूखा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के लिये 4.89 करोड रूपये खर्च करने का सरकार का विचार है।

चेयरमैन साहब, मैं आगे यह कहना चाहता हूं कि इंडस्ट्रीज को बढावा देने के लिये भारत सरकार द्वारा करनाल में 1300 करोड रूपये की लागत से एक रिफाइनरी और पंचकूला में 21 करोड रूपये की लागत से एक दूर संचार परियोजना का कार्य करवाने का विचार भी एक प्र ांसनीय कदम है। हरियाणा में रेलवे कोच निर्माण फैक्टरी लगाने का मामला भी काफी हद तक आगे बढ चुका है और यह फैक्टरी हरियाणा में अम्बाला में ही होनी चाहिये क्योंकि अम्बाला छावनी एक बडा भारी जंक ान है और एक बडा रेलवे का डिवीजन है। यह फिरोजपुर से लेंकर मुरादाबाद तक के एरिया को कवर करेगा। चेयरमैन साहब, अम्बाला में किंगफि ार नाम से एक टूरिस्ट कम्पलैक्स अगलें साल तक बनाये

जाने का विचार है। यह हमारे हलके के लिये एक खु ाकिस्मती होगी। इसके साथ साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जो 20 सूत्री प्रोग्राम है, वह हरियाणा के लिए एक वरदान है। जितना पैसा इस पर सरकार खर्च करने जा रही है अगर वह सारा रूपया गरीबों के घरों तक पहुंच जाए तो इससे लोगों को काफी भला होगा। इस प्रोंग्राम के ऊपर और विचार करने की आव यकता है।

चेयरमैन साहब, इस सरकार ने और भी बडे अच्छे अच्दे काम किये हैं, अन्धे, अपाहिज, दुर्बल, भाारीरिक रूप से विकलांग लोगों के कल्याण के लिये सरकार ने सही कदम उठाये हैं। उनका भत्ता 50 रूपये से बढाकर 75 रूपये कर दिया गया है, यह एक अच्छा कदम है। अब मैं टैक्सिज की तरफ आ रहा हूं। सरकार की तरफ से कई नये टेक्स लगाये गये हैं जो कि नहीं लगने चाहिये थे। अगर टैक्स लगाने ही थे तो तनख्वाहें भी बढाई जानी चाहिये थी, भत्ते भी देने चाहिये थे। टेक्स अगर लगाने हैं तो मुनासिब होने चाहिये। बिजली पर दो, तीन चार पैसे जो रेट बढाया गया है, इस पर अपोजी ान वाले कहते हैं कि यह बडा भारी जुल्म है। इसके बारे में, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इसका भार कंज्यूमज के ऊपर नहीं पडेगा। यह तो सरकार के कागजों तक ही है। इसमें किसी पर कोई भार नहीं पडने वाला है। डा0 मंगल सैन जी इस समय बैठे नहीं हैं वरना मैं उनको बताता कि चूडिंया क्या होती हैं ? सरकार ने चूडियों पर 12 प्रति ा की बजाए 4 प्रति ात सेल्ज टेक्स किया है। लेकिन इसमें

लफज लिखा है कांच की चूडियां। मैं चाहता हूं कि इसके साथ प्लास्टिक और रबड की चुडियों पर भी यह छूट होनी चाहिये। सेल्ज टैक्स के मामले में मैं सिर्फ दो बातें कहना चाहता हूं। मैं खुद व्यापारी हूं इसलिये ये बातें कहना चाहता हूं। हरियाणा में ट्रकों पर सेल्ज टैक्स 10 प्रति ात है जबकि गोआ में यह 3 प्रति ात है। हमारे एक ट्रक का टैक्स 18500 रूपए बनता है जबकि गोआ में 5200 रूपए बनता है। इस साल हरियाणा में गोआ दमन से दो हजार ट्रक आए हैं जिसका हमें कोई फायदा नहीं हुआ। जो लोग गाओ से ट्रक मंगवा कर देते हैं वे दो हजार फी ट्रक लेते हैं। जिसमें 1500 रूपया किराए का होता है और 500 रूपया उसका कमी ान होता है। सरकार अगर मेरी तजवीज को माने तो ट्रकों पर 5 प्रति ात टैक्स कर दें। इससे एक ट्रक पर सरकार को 9250 रूप्ए टैक्स के मिलेंगे। अब जो लोग गोआ से ट्रक मंगवाते हैं उनको तीन परसैंट के हिसाब से 5200 रूपया तो टैक्स देना पडता है और दो हजार रूपया उसको देते हैं जिसके थ्रू मंगवाते हैं। इस तरह से उसको 7200 रूपया देना पडता है। अगर सरकार यहां भी 5 प्रति ात टैक्स कर दे तो उसको केवल 2050 रूपए और देने पडेंगे जो कि वह दे भी देगा। ऐसा करने से सरकार की आदमनी में बहुत इजाफा होगा। इसके अलावा राजस्थान, महाराश्ट्र, गुजरात और आन्ध्र प्रदे ा में भी हमारे से कम सेल्ज टैक्स हैं। आन्ध्र प्रदे ा में तो तीन टन से पांच टन तक के व्हीकल पर कोई टेक्स ही नहीं हैं मेरे भाई म्यूनिसिपल

कमेटी के इलेक ान्ज के बारे में बडा बावेला कर रहे हैं, उसको भी हम देख लेंगे!

श्रीमती चन्द्रावतीः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। माननीय धमीजा साहब बडे अच्छे ढंग से बातें कहते हैं। हम चाहते हैं कि इनके लिए एक दिन सै ान और बढा दें। उस दिन केवल इन्हीं की स्पीच करवा देना, हम सुनते रहेंगे।

सेठ राम दास धमीजाः चेयरमैन साहब, अढाई साल तक इनकी हकूमत रही इन्होंने म्यूनिसिपल कमेटियों के चुनाव क्यों नहीं करवाए ? हमारे सी0एम0 साहब ने हाउस के फलोर पर वायदा दे दिया है कि इसी साल इलैक ान्ज करवा देंगें। इन भाब्दों के साथ मैं प्रार्थना करूंगा कि इस बजट को सर्व सम्मति से पास किया जाए।

सरदार सुजान सिंह (जुंडला, अनुसूचित जाति): आनरेबल चेयरमैन साहब, मान योग वित्त मंत्री जी ने जो 1985–86 का बजट सदन मे ंपे ा किया है इससे प्रान्त की जनता के मन में खु ाी होने की बजाये उनके चेहरों पर उदासी छा गई है क्योंकि यह 1 करोड 43 लाख की आबादी का छोटा सा सूबा है और यह 114.32 करोड रूपए के घाटे वाला बजट उस पर ठोसा गया है। इसके घाटे को पूरा करने के लिये कहते हैं कि प्रोवीजन किया गया है यानी सैंट्रल गवर्नमैंट से स्पै ाल असिस्टैंन्स लेकर 70 करोड रूपया पूरा किया जाएगा और बाकी जो कमी है उसको

पूरा करने के लिऐ दे ा के जो ज्यादा मैजोरिटी के लोग हैं जो बसों में सफर करने वाले हैं उन पर 20 प्रति ात किराया बढा दिया है। (**इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए**) एक और आत जो बजट में कही गई है वह यह कि गरीबों को गरीबी की लाइन से ऊपर उठाएंगे। एक साल की जो इन्होंने फिग्गर बताई हैं वह 1.5 प्रति ात है। प्रान्त में रहने वाले गरीबी की रेखा से नीचे जो लोग हैं वे 30.2 प्रति ात हैं। इससे यह स्पश्ट होता है कि हरियाणा में जो गरीबी को दूर करने का सवाल है वह बीस प्वायंट प्रोग्राम के अधीन बीस सालों में पूरा होगा। इसी तरीके से जो कर्मचारी हैं, बजाए उनको एडी ानल तनख्वाह देने के जो वे लोन लेते हैं केवल उसको बढाया गया है। आप्रे ान ब्लू स्टार में मरने वाले सैनिकों के परिवारों को जो राहत दी है वह भी नाम मात्र है। तो मैं कह सकता हूं कि यह बजट समाज के कमजोर और दलित वर्ग के लिए कोई वि ोश रिलीफ नहीं देता। इसके साथ साथ सरकार ने क्लीन ऐडमिनिस्ट्रे ान चलाने वाले लोग योग्य व्यक्ति होते हैं लेकिन पोलिटीकल इंटरफियरैंस की वजह से तमाम सर्विसिज पोलिटिकलाइजड को चुकी हैं। रिज्लट के तौर पर आज जहां ऐडमिनिस्ट्रे ान में डिमौरलाइजे ान आई है वहां इन ऐफि िाएंसी भी इम्प्रूव हुई है। पिछले नवम्बर के दंगों में ऐडमिनिस्ट्रे ान का बुरा हाल हुआ है। उसको कन्ट्रोल करने में ऐडमिनिस्ट्रे ान अन कलींड रहा है क्योंकि पोलिटीकल इन्टरफियरैंस ज्यादा था। स्पीकर साहब, 31 अक्तूबर को दे ा की प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी का उनके दो सिख अंगरक्षकों ने वै ायाना कत्ल

किया। श्रीमती गांधी नें एि ायन गेम्ज, चोगम और नान एलाइंड कन्ट्रीज मीट करवा कर जहां दे ा नाम ऊंचा करवाया वहां अपना नाम भी संसार भर में ऊंचा करवाया है। आई0पी0सी0 के अधीन चाहे कोई दे ा द्रोही हो या 302 का मुलजिम हो, दोशी वही होता है जिस पर इलजाम लगाया जाता है। लेकिन बदनसीबी से हुआ क्याकि श्रीमती गांधी के कत्ल के बाद दे ा में जितने भी के ा धरी लोग रहते थे उनका कत्तेआम किया गया। उनकी जायदाद या तो लूटी गई या जलाई गईं माइन्योरिटी कम्यूनिटी अपने ही आजाद दे ा में भारणार्थी बन गई। आनरेबल चीफ मिनिस्टर साहब ने एक बयान दिया था कि हरियाणा में सब अच्छा है। लेकिन यहां जबाबंदी है। पाबंदी भी लगाई गई है कि बहुत बात नहीं करनी। मैं दे ा की बात नहीं करूंगा और पूरे प्रान्त की भी बात नहीं करूंगा। मैं तो केवल एक मिसाल कोट करता हूं। हमारी अपनी हरियाणा विधान में ..... नाम का मुलाजिम है।

श्री अध्यक्षः आप किसी का नाम क्यों लेते हो ?

सरदार सुजान सिंहः चलो जी ठीक है मैं यह कह देता हूं कि वह हरियाणा विधान सभा का कर्मचारी है जो कि जूनियर ट्रांसलेटर है। उसका गांव होद है, पुलिस स्टे ान जाटुसाना पडता है जो जिला महिन्द्रगढ में रिवाडी के नजदीक है। स्पीकर साहब, 2—11—84 को पटौदी से एक बस और ट्रक दंगाकारियों के भर के आये। उसके परिवार के 17 आदमी जिन्दा जला दिए गए

जिनमें से 4 बच्चे, 6 मर्द और 7 औरते थीं। पहले उनको लाठियों से पीटा गया और जब वे अध मोये हो गए तो उनके ट्रैक्टर से ही डीजल निकाल कर उनको जिन्दा जला दिया। जहां तक औरतों की बेपती का सवाल है वह मैं बयान नहीं कर सकता। सो मैं आपके द्वारा सरकार से बेनती करता हूं कि जैसे आप्रे ान ब्ल स्टार के बाद ..... लूट मार का सामान बरामद किया था उसी तरह से एस0एच0ओ0 जाटु साना से भी लूट मार का सामान बरामद करें।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला): ..... स्पीकर साहब, यह बात कह कर तो ये जनरलाइज कर रहे हैं। ये भाब्द रिकार्ड में नहीं आने चाहिये।

श्री अध्यक्ष: ठीक है फौजी अफसरों वाली बात रिकार्ड न की जाए।

सरदार सुजान सिंह: आनरेबल स्पीकर साहब, जब हुक्मरानों के विचारों में वायलैंस आ जाता है तो वह लोगों के हितों में नहीं होता। सरकार ने विजिलैंस डिपार्टमैंट खोला हुआ है। मैं सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि इसी तरीकै से एक पुलिस सुपरविंग बनाया जाए जो ला एड आर्डर सिचुए ान को इफैक्टिवली डील कर सके और उसमें जो सैकुलर पुलिस आफिसर्ज हैं उनको लगाया जाये। रीलिजयस प्लेसिज मंदिर,

मस्जिद, गुरूद्वारे और चर्च को तबाह करने या धार्मिक पुस्तकों का अपमान करने या किसी भी व्यक्ति को धर्महीन करने से हो सकता है करने वाले को अच्छा लगे लेकिन जो सैंटीमैंटस उनसे जुडे होते हैं उनको उससे चोट आती है। सरकार का यह फर्ज बनता है कि उनको यह हीलिंग टच दे। आज दे ा की अखण्डता और एकता को कोई खतरा नहीं है क्योंकि हमारी भाक्ति ाली फौज ने बंगला देश में , आसाम में, पंजाब में बडा इफैक्टिवली काम किया है। दे ा के अन्दरूनी और बहरूनी खतरों को हमारी फौज अच्छी तरह से डील विद कर सकती है। लेकिन आज जो दे ा को जरूरत है वह इमो ानल इन्टेग्रे ान को मजबूत करने की है। मैं सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि दे ा में जो भावनात्कम एकता कमजोर हुई है, उसे यह अपना सारा सरकार मीडिया लगा करके मजबूत करे ताकि दे ा में सदभावना और भाई चारे का माहौल पैदा हो सके। आखिर में मैं बहुत ज्यादा समय न लेता हुआ यही कहूंगा कि यह जो बजट पे ा किया गया है यह ऐन्टी दलित मजदूर और ऐन्टी किसान हैं तथा इसमें मुलाजिमों को कोई राहत नहीं दी गई है और न बेरोजगारों को कोई राहत दी गई है इसलिए इसको पास न किया जाए।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला): स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत से बिजली और पानी के बारे में संक्षेप में कुछ बातें बताना चाहूंगा। माननीय सदस्यों की सारी बातों का जवाब तो हमारे वित्त मंत्री जी देंगे।

काफी माननीय सदस्यों ने अम्बाला जिले के किसानों के बारे में काफी चर्चा की है और कहा है कि अम्बाला जिले के किसानों को पानी और बिजली देने के बारे में सरकार कोई विचार नहीं कर रही है, उनको कोई रियायत नहीं दे रही है। स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा माननीय सदस्यों को बताना चाहूंगा कि यह पहली सरकार है जिसने अम्बाला जिले के किसानों को सिंचाई के पानी की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये बहुत ठोस कदम उठाए हैं। मैं बताना चाहूंगा कि भााहबाद नलवी इरीगे ान स्कीम जो है वह 15 करोड 37 लाख रूपए की स्कीम है। उस प्रोजैक्ट का हरियाणा गवर्नमैंट के पास 12–10–1983 को ऐस्टीमैट आया और इसके अनुसार मुलाना बलाक, अम्बाला ब्लाक, रादोर भााहबाद और कुरूक्षेत्र का कुछ इलाका भाामिल है जिनकी लगभग 1 लाख 86 हजार एकड जमीन की सिंचाई के लिये 590 क्यूसिक्स कैपेसिटी की नहर बनाने का इसमें प्रावधान किया गया है और यह स्कीम प्लानिंग कमी ान ने 7वीं पंचवर्शीय योजना में भाामिल कर ली है तथा सैंट्रल वाटर कमि ान को यह स्कीम 22–3–1984 को सबमिट की जा चुकी है। इस स्कीम कें लिए 13 करोड रूपए प्रोवाइड किए गए हैं। वर्श 1985–86 में सरकार ने इस स्कीम पर 77 लाख रूप्ए खर्च करने का प्रावधान किया है। इसी साल में इस स्कीम पर काम भाुरू होने की पूरी उम्मीद है। इसी प्रकार से नारायणगढ, रायपुरानी, बिलासपुर और सढौरा आदि के लिए एक दूसरी स्कीम है। इन इलाकों के लिए हथनी कुण्ड परपोज्ड बैराज से एक नहर निकाली जाएगी जिससे लगभग 1.75 लाख एकड

जमीन की सिंचाई होगी और इस नहर की लम्बाई 80 किलोमीटर होगी तथा 400 क्यूसिकस पानी की कैपेसिटी की नहर होगी। यह स्कीम अन्डर इन्वैस्टीगे ान है। इन्वैस्टीगे ान कम्पलीट होने के बाद सरकार सहानुभूति से प्रयत्न करेगी कि इस स्कीम को कार्यान्वित किया जाए। एक नहर दादुपुर से निकाली जाएगी और दूसरी हथनीकुण्ड बैराज से निकाली जाएगी। अम्बाला जिले में यह पहली नहर होगी जिससे फलो इरीगे ान होगी। चालू वर्श के दौरान इस नहर के लिये 70 लाख रूपए प्रोवाइड किए गए हैं एक दूसरी स्कीम के लिए और पैसे रखे गये हैं। यदि पैसे का प्रावधान किया गया है तो काम भी भाुरू होगा। 7वीं पंचवर्शीय योजना में इनके लिए 13 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा स्पीकर साहब, अब मैं माननीय सदस्यों को एम0आई0टी0सी0 के बारे में संक्षेप में कुछ बातें बताना चाहूंगा। काफी माननीय सदस्यों ने यह बात कहीं कि सरकार किसानों को कोई सुविधाएं नहीं दे रही है, कोई रियायत नहीं दे रही है। मैं इस बारे में एक ही बात कहना चाहूंगा कि जो डायरैक्ट इरीगे ान टयूबवैलज हैं जिसको डी0आई0टी0 कहते हैं। पहले उनको बिजली का खर्चा 67 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से चार्ज किया जाता था। उसको 1–7–1984 से घटा कर 40 पैसे प्रति यूनिट कर दिया गया है। किसानों को लगभग 27 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से रियायत दी गई है। इसके अलावा स्पीकर साहब, चौधरी सुरेन्द्र सिंह जी ने बोलते हुए यह बात कही कि भिवानी जिले का बहुत सा इलाका पानी के नीचे आ जाता है बिजली चली जाने की वजह से नहरों

में एसकेप वगैरह से फसलें खराब हो जाती हैं। इन्होंने मांग की थी कि सरकार वहां पर जमीन ऐक्वायर करके रिजरवायर बनाए। स्पीकर साहब, मैं उनको बताना चाहूंगा कि सरकार का यह विचार तो नहीं है कि किसानों से जमीन ऐक्वायर करके उनको उनकी जमीन से वंचित करे लेकिन इस बारे में इरीगे ान डिपार्टमैंट बहुत गहराई से विचार करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि जहां जहां पर पानी फसलों में जाता है और उनको खराब करता है वहां पर बडे बडे पम्प लगा कर उस पानी को वापिस नहर में डालने की योजना कार्यान्वित करेंगे ताकि किसानों की फसलें पानी से खराब न हों। इसके अलावा स्पीकर साहब, मैं रोहतक भाहर के बारे में कुछ बातें कहना चाहूंगा।

श्री भागी रामः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैंने पहले भी हाउस में दो बार जिकर किया है कि सिरसा जिले में एक ओटू झील है जिसमें घग्घर नदी का पानी जाता है। यदि उस झील की खुदाई कर दी जाए तो उससे कम से कम 150 गांवों को फायदा हो सकता है।

चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवालाः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य चौधरी भागी राम जी को सिरसा जिले के बारे में पूछनें की कहां फुरसत रहती है। अब बीच में इनको याद आ गया इसलिये पूछ लिया। इनका तो दूसरी बातों से वास्ता रहता है। मैं इस बारे में थोडी देर में बताऊंगा। इससे पहले मैं रोहतक के बारे में बताना चाहूंगा। डा0 मंगल सैन जी ने रोहतक भाहर के बारे

में जिकर किया और आज अखबार में भी इन्होंने खबर छपवा दी है कि "Rohtak City goes thirsty" मैं आपके द्वारा इनको बताना चाहूंगा कि रोहतक भाहर के लिए पीने के पानी के बारे में इरीगे ान डिपार्टमैंट ने जो काम किया है और कर सकता है उस बारे में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि रोहतक भाहर को भालोट सब ब्रांच जिसको बी0एस0बी0 कहते हैं पानी सप्लाई करती है। यह नहर 17–2–85 से 24–2–85 तक चली और अब 21–3–85 से 28–3–85 तक चलेगी क्योंकि चार ग्रुपों में नहरें चलती हैं और रोहतक भाहर के लिए जो वाटर कोर्स हैं उसको पक्का किया जा रहा है और आने वाली मौनसून तक उसको पक्का कर दिया जाएगा। स्पीकर साहब, 14–3–85 तक 100 क्यूसिक्स पानी देंगे और पिछले दिनों बगैर बारी के 50 क्यूसिक्स पानी दिया गया। इस वक्त रिजरीवायर में काफी मात्रा में पानी है। हमने महकमे को यह भी कहा है कि जब 28–3–85 को नहर बन्द हो जाएगी तो उसे बाद भी उसमें थोडा बहुत पानी छोड दें ताकि लगातार रिजरवायर के लिये पानी जाता रहे और इकटठा होता रहे। इसके अलावा स्पीकर साहब, अब मैं बिजली के बारे में एक बात कहना चाहूंगा। सदन के अंदर पिछले कई दिनों से इस बात की चर्चा हो रही है कि हरियाणा प्रान्त के थर्मल काम नहीं करते। एक जनरल इम्प्रै ान क्रिएट करने के लिए लगातार इस बात का प्रचार किया जा रहा है कि हरियाणा में बिजली की परिस्थति अच्छी नहीं है। मैं अपने माननीय सदस्यों को बताना चाहूंगा कि हमारे जो थर्मल प्लांटस हैं उनकी परफारमैंटस किसी दूसरे थर्मल प्लांटस से कम

नहीं है। प्रोडक ान के बारे में आज दिन में मैंने बात कह दी है इसलिये उसको दोहराऊंगा नहीं। जो औगजलरी कंजम्प ान और आयल कंजम् ान है उसकी पिछले 7–8 महीनें में काफी बचत हुई है।

स्पीकर साहब, औगजलरी कंजम्प ान, स्टाफ और मैंटीनैंस आदि पर पानीपत थर्मल प्लांट और फरीदाबाद थर्मल प्लांट में वर्श 1983–84 और 1984–85 में जो बचत हुई वह इस प्रकार है :–

महीना	पानीपत थर्मल पावर स्टे ान		फरीदाबाद थर्मल पावर स्टे ान	
	1983–84	1984–85	1983–84	1984–85
अक्तूबर	23.20	13.85	17.3	12.76
नवम्बर	22.50	12.13	19.0	15.02
दिसम्बर	16.31	14.77	17.14	15.50
जनवरी	17.80	13.09	16.91	15.70
स्पीकर साहब, जो आयल कंजम्प ान हुई है वह इन सालों की इस प्रकार है:– (मिलीलीटर प्रति यूनिट				
अक्तूबर	68.60	25.73	52.18	22.00

नवम्बर	54.90	15.69	58.85	16.40
दिसम्बर	16.00	30.04	40.67	25.00
जनवरी	35.00	26.59	39.71	29.40

